वर्ष- 22 अंक - 51 cityblastindore@gmail.com RNI NO. MPHIN/2005/15582 fb.com/cityblastindore मूल्य-2 रुपए पृष्ठ 12

दोपहर दैनिक

# सिटी ब्लास्ट

निर्भिक व निष्पक्ष पत्रकारिता...

इंदौर, रविवार 02 अगस्त 2026









# मेजर हमजा को राजकीय सम्मान के साथ किया सुपुर्द-ए-खाक

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

**राजस्थान के जेसलमेर में सैन्य ड्यूटी से लौटते हुए सड़क हादसे का शिकार हुए मेजर हमजा आरिफ का अंतिम संस्कार आज इमली बाजार कब्रिस्तान पर राजकीय सम्मान के साथ किया गया। उन्हें आर्मी द्वारा गॉड ऑफ ऑनर दिया गया। इससे पहले सैफी नगर मस्जिद में जनाजे की नमाज अदा की गई। उनके राजेन्द्र नगर स्थित धनवंतरी नगर निवास पर क्षेत्रीय**

## इंदौर के सैफी नगर मस्जिद में हुई जनाजे की नमाज, इमली बाजार कब्रिस्तान में किया दफन

**रहवासी, बोहरा समाजजन, जनप्रतिनिधि, सैन्य अधिकारी सहित कई लोग पहुंचे।**

जय हिन्द की गूंज भी हुई। मेजर हमजा का पार्थिव देह जेसलमेर से इंदौर लाया गया। जेसलमेर में मिलेट्री ने उन्हें सम्मान के साथ विदाई दी गई, जिसके बाद आज इमली बाजार कब्रिस्तान पर उन्हें गॉड ऑफ ऑनर दिया गया। तिरंगे में लिपटा मेजर का शव सैफी नगर मस्जिद में लाया गया तो वहां मौजूद बोहरा समाजजनों की आंखें नम हो गई। मिलेट्री के फूलों से सजे वाहन में मेजर हमजा का पार्थिव देह सैफी नगर मस्जिद से इमली बाजार कब्रिस्तान पहुंचा। इस दौरान रास्ते में बोहरा समाजजन ने जब तक सूरज चांद रहेगा, हमजा साहब का नाम रहेगा की गूंज की।

## 8 लाख रुपए में बेच रहे कब्र

**लखनऊ.एजेंसी।** लखनऊ के इमामबाड़ा गुफरान मआब में कब्रों की बिक्री और लाखों रुपए की अवैध वसूली को लेकर शिया समुदाय के दो मौलानाओं के बीच विवाद भड़क गया है। मौलाना सैफ अब्बास ने मौलाना कल्बे जव्वाद पर आरोप लगाया है कि वे 8-8 लाख में कब्र बेच रहे हैं और कब्रों की बिक्री से सालाना 9.60 करोड़ रुपए की वसूली कर रहे हैं।

# युद्ध खत्म

## खाड़ी देशों के कहने पर अमेरिका ने टाले हमले



### *होर्मुज खोलने और परमाणु खतरा खत्म करने पर सहमति बनी*

**रविवार.एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि ईरान पर प्रस्तावित सैन्य हमला फिलहाल टाल दिया गया है। उनके मुताबिक, ईरान और कुछ मिडिल ईस्ट देशों की ओर से समझौते का प्रस्ताव आने के बाद यह फैसला लिया गया। ट्रम्प ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर दावा किया कि अमेरिका ईरान पर बड़े सैन्य हमले के लिए पूरी तरह तैयार था।

उन्होंने दावा किया कि समझौते की रूपरेखा पर सहमति बनी है, जिसमें होर्मुज स्ट्रेट को तुरंत खोलना और ईरान के परमाणु खतरे को खत्म करना शामिल है। ट्रम्प ने यह भी कहा कि इजराइल भी इस फैसले में अमेरिका के साथ है।

इससे पहले एक्सियोस की रिपोर्ट में दावा किया गया था कि सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान ने ट्रम्प से फोन पर बात कर ईरान पर संभावित बड़े हमले को टालने और संयम बरतने की अपील की थी।



## टूरिस्ट प्लेन क्रैश , 13 की मौत

**पेरू.एजेंसी।** पेरू के नाज्का शहर में टूरिस्ट्स को ले जा रहा एक प्लेन अचानक खेत में गिरकर क्रैश हो गया। इस भीषण हादसे में विमान में सवार सभी 13 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। ये विमान पर्यटकों को प्रसिद्ध 'नाज्का लाइंस' दिखाने के लिए ले जा रहा था। नाज्का लाइंस पेरू के रेगिस्तानी इलाके में सैकड़ों साल पहले वहां के मूल निवासियों की बनाई गई विशाल आकृतियां हैं। जमीन पर उकेरी गई इन आकृतियों में अलग-अलग जानवरों के चित्र शामिल हैं, जिन्हें सिर्फ हवाई जहाज या ऊंचे टावर से ही पूरी तरह देखा और समझा जा सकता है।

## अमेरिका में अंधाधुंध फायरिंग, 3 की मौत, कई घायल, हमलावर भी ढेर

**वॉशिंगटन.एजेंसी।** अमेरिका के इडाहो राज्य के ट्विन फॉल्स में एक व्यस्त शॉपिंग इलाके में हमलावर ने एक कमर्शियल एरिया में लोगों पर फायरिंग कर दी, जिसमें 3 लोगों के मारे जाने की आशंका है।कई लोग गंभीर रूप से घायल भी हुए हैं। पुलिस बल ने तुरंत इलाके की घेराबंदी की। हमलावर को सरेंडर करने के लिए कहा गया, लेकिन उसने फायरिंग जारी रखी। इसके बाद पुलिस द्वारा की गई जवाबी कार्रवाई में हमलावर गोली लगने से मारा गया।

**रेस्टोरेंट में विस्फोट, 3 की मौत, 21 घायल-** मॉस्को के कुद्रिंस्काया स्क्वायर में एक रेस्टोरेंट के पास जोरदार धमाका हुआ। इस हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई और 21 लोग घायल हो गए। कहा जा रहा है कि ये धमाका एक होममेड बम के फटने से हुआ है।

## लोहे की सलाखों में उल्टा लटक गया शेर

**जूनागढ़.एजेंसी।** गुजरात में जूनागढ़ के ग्रोफेड इलाके में एक शेर ने घूमते हुए एक पुरानी मिल के लोहे के गेट को पार करने के लिए छलांग लगाई, लेकिन उसका पिछला पैर लोहे की सलाखों के बीच फंस गया। कुछ ही देर में वह गेट पर उल्टा लटक गया। कड़ी मशक्कत के बाद शेर को बाहर निकालकर जू ले जाया गया। शेर के पिछले पैर में चोट आई। पशु चिकित्सक उसका इलाज कर रहे हैं।



## न्यूज़ ब्रीफ...

### कॉकरोच को विदेश भेजने के पैसे कहां से आए?'



**सूरत.एजेंसी।** सूरत के आरटीआई कार्यकर्ता अमित तिवारी ने सीजेपी के लीगल डिफेंस फंड और अभिजीत दिपके के पिता भगवानराव दिपके की संपत्ति की वित्तीय जांच की मांग की है। उन्होंने चुनाव आयोग और केंद्रीय GST बोर्ड को पत्र लिखकर पूछा कि एक रिटायर्ड सरकारी कर्मचारी अपने बेटे को विदेश में उच्च शिक्षा के लिए कैसे भेज पाया, इसकी जांच होनी चाहिए।

### 12 साल में भी तानाशाह नहीं बन पाए मोदी

**रविवार.एजेंसी।** शहजाद पूनावाला ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आलोचकों पर तंज कसते हुए कहा कि प्रधानमंत्री एक 'तानाशाह' बनने में 'नाकाम' रहे हैं। '12 साल बीत गए और वह नाकाम रहे। उन्हें ठीक से तानाशाह बनना भी नहीं आता।' पूनावाला ने कहा कि 'राहुल गांधी इंदिरा गांधी और जवाहरलाल नेहरू के वंशज हैं। उनसे सीखिए कि असली तानाशाही और असली इमरजेंसी क्या होती है, मोदी जी।'

### कांवड़ियों पर फेंकी शराब की बोतल

**रोहतक.एजेंसी।** रोहतक में कांवड़ियों पर शराब की बोतलें फेंके जाने से बवाल हो गया। शराब की बोतलों से कांवड़ खंडित हो गई। पुलिस ने जैसे-तैसे हालात पर काबू पाया।

### मोदी को गालियां मिलीं तो रो पड़े पवन कल्याण

**हैदराबाद.एजेंसी।** आंध्र प्रदेश के भोगापुरम में नए इंटरनेशनल एयरपोर्ट के उद्घाटन के दौरान सीएम चंद्रबाबू नायडू ने 'मोदी-मोदी' के नारे लगवाए, जबकि उपमुख्यमंत्री पवन कल्याण ने कहा कि पीएम मोदी के खिलाफ कही गई बातें सुनकर उनकी आंखों में आंसू आ गए।

### एक और पति का कत्ल

**पीलीभीत.एजेंसी।** पीलीभीत जिले के माधोटांडा के लोहरपुरी गांव में पत्नी ने कोल्ड ड्रिंक में नींद की गोलियां मिलाकर पति उमाशंकर (45) को सुलाने के बाद साड़ी के फंदे से गला घोंटकर हत्या कर दी।

### दतिया का फैसला कल

**दतिया.एजेंसी।** दतिया विधानसभा के उपचुनाव की मतगणना कल होगी। यहां भाजपा और कांग्रेस के बीच मुकाबला है। कांग्रेस प्रत्याशी घनश्यामसिंह ने अपनी ही पार्टी के पूर्व विधायक राजेंद्र भारती पर भितरघात का आरोप लगाया है।

### सुबह-सुबह हिली दिल्ली!

**नई दिल्ली.एजेंसी।** दिल्ली में आज तड़के 4:14 बजे भूकंप के झटकों से दहशत फैल गई। भूकंप की तीव्रता सिर्फ 2.9 थी जिससे जान-माल का नुकसान नहीं हुआ।

# पटवारी के घर का मुद्दा विरोधियों ने कैमरे चैक करने तक का उठाया

## बुलाई थी निगम चुनाव और उम्मीदवार को लेकर बैठक

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के बिजलपुर स्थित निवास पर कल कांग्रेस के चुनिंदा लोगों की बैठक नगर निगम चुनाव को लेकर बुलाई गई थी। इस चुनाव में कांग्रेस अध्यक्ष, विधानसभा प्रभारी, निगम में नेताप्रतिपक्ष और महिला कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष को बुलाया गया था। बैठक में मुद्दे पर आधारित तकरार चिंटू चौकसे और पिंटू जोशी के बीच जरूर हुई थी और बहस के इस मुद्दे को पटवारी ने तत्काल रोक भी दिया था, लेकिन इस तकरार को जमकर हवा देने की कोशिश की गई। कुछ लोगों ने तो यहां तक चला दिया कि कुर्सी उठाकर मारने की कोशिश की गई और विरोधियों ने यहां तक कहा कि जहां बैठक पटवारी के अन्दर घर में हुई वहां के वीडियो के फुटेज उस बैठक के सार्वजनिक किए जाए और यहां तक कहा कि पुलिस हस्तक्षेप करे और कैमरा की रिकार्डिंग चेक करें और उस आधार पर कुर्सी उठाने वालों पर प्रकरण भी दर्ज करें। कल इस बैठक के बाद हर कांग्रेसी इस बैठक का मुद्दा जानना चाहता था तो



विपक्षी भाजपाई भी पूरे माजरे को समझना चाहते थे, जबकि विपक्षियों ने ही इस मुद्दे को जमकर हवा दी, जिससे मीडिया की उत्सुकता भी बनी और सही बात यही सामने आई कि बैठक में मुद्दे पर तकरार कुछ वाक्य पर ज्यादा हो गई थी, लेकिन वह मुद्दा संभालने लायक था, जो संभल भी गया, लेकिन चर्चा कुछ और तक बन गई। पटवारी ने कल अपने गृह क्षेत्र इंदौर की चिंता अगले वर्ष होने वाले नगर निगम चुनाव को लेकर पाली थी और उसी मुद्दे पर अपने निवास पर बैठक बुलाई थी। पार्षद के टिकिट कैसे बांटे जाए, कैसे अच्छे उम्मीदवार ढूंढे जाए, इन सब मुद्दों के बीच शहर कांग्रेस अध्यक्ष चिंटू चौकसे, विधानसभा प्रभारी दीपू यादव, राजू भदौरिया, पिंटू जोशी, शैलेष गर्ग, अमन बजाज, दिनेश मल्हार, सोनिला मिमरोट, रीना बौरासी बैठक में मौजूद थे। मुद्दा यह भी था कि सभी विधानसभा प्रभारी योग्य उम्मीदवारों के नाम दें। जीतू पटवारी ने यह भी कहा था कि वे टिकिट के लिए सर्वे कराएंगे और सीधा देखूंगा कि कौन अच्छा उम्मीदवार है, साथ ही यह मुद्दा भी उठा कि आगामी दिनों लगातार कांग्रेस को आन्दोलन करना है। भाजपा सरकार के साथ पुलिस के रवैये को लेकर भी चर्चा हुई। इसी चर्चा के बीच चिंटू और पिंटू के बीच एजेंडे को लेकर बहस हो गई थी। पिंटू जोशी ने हमेशा की तरह कल भी क्रॉस प्रश्न किया उससे चिंटू नाराज हो गए कि बार-बार आप एजेंडे को काटने की कोशिश करते हो, दोनों के बीच हल्की तकरार भी हुई। पटवारी ने दोनों को शांत किया और फिर मीटिंग शुरू कर दी। इस मुद्दे के बाद कांग्रेसियों में भी चर्चा रही कि चिंटू चौकसे के कार्यकाल में संगठन मंडलम स्तर पर मजबूत हुआ है और इसे अब बूथ स्तर पर ले जाया जा रहा है और चिंटू चौकसे निःस्वार्थ काम संगठन के लिए कर रहे हैं। हल्की तकरार के बाद मीटिंग भी हुई, नाश्ता भी हुआ, सभी गले भी मिले और बाहर आए तो कुछ समर्थक वहां मौजूद थे उनके साथ चित्र भी खिचवाया।

# भाजपा ने की शहरी क्षेत्र की दो विधानसभा में बैठक





इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। भारतीय जनता पार्टी हर माह बैठक का आयोजन संगठन स्तर पर कर आगामी गतिविधि अन्य मुद्दों पर चर्चा करती है। इसी कड़ी में राऊ विधानसभा के शहरी क्षेत्र छत्रपति संभाजी महाराज मंडल में बैठक का आयोजन किया। भाजपा नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा, विधायक मधु वर्मा, एमआईसी सदस्य बबलू शर्मा, राजेश सोलंकी, मनीष केशवानी, गौतम शर्मा और मंडल के पदाधिकारी, कार्यकर्ता मौजूद रहे। संगठन को और मजबूत करने को लेकर चर्चा हुई, योजनाएं बनाई गई। वहीं विधानसभा 4 के महाराणा प्रताप मंडल में नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा, विधायक मालिनी गौड़, पार्षद योगेश गेन्दर, दिलीप खंडेलवाल, अभिषेक लड्ढा, गौरव तिवारी की मौजूदगी में यह बैठक हुई। इस तरह राऊ और विधानसभा 4 की मासिक बैठक में संगठन मुद्दों पर मौजूद भाजपाइयों को जानकारी दी गई और चर्चा भी की गई।





# मंत्री-विधायक ने किया साइकल और कॉपियों का वितरण

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। मंत्री तुलसीराम सिलावट और विधायक मालिनी गौड़ ने संयुक्त रूप से सांवेर विधानसभा के ग्राम कम्पैल में शिक्षा प्रोत्साहन से जुड़े कार्यक्रम में शिरकत की। शासकीय स्कूल और माहेश्वरी स्कूल के 1100 विद्यार्थियों को साइकल और कॉपियों का वितरण करने में अपनी अतिथि की भूमिका निभाई। कार्यक्रम में ब्रजमोहन राठी, रामेश्वर चौहान, विश्वजीत सिंह सिसोदिया, ओमप्रकाश कंट्रोल वाले, माखन गोखले, श्याम निवाड़ी, सुरेश टेलर, प्रेम बोरवेल, विद्यालय के प्राचार्य, शिक्षकगण, जनप्रतिनिधि, अभिभावक तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# भाजपा ने बनाई हर घर तिरंगा यात्रा को लेकर टीम

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। भाजपा 9 से 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा यात्रा का आयोजन करने जा रही है। इस आयोजन को लेकर भाजपा नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा ने जिला स्तरीय टोली का गठन भी किया है। यह टोली हर विधानसभा से लेकर मंडल और वार्ड तक हर घर तिरंगा यात्रा के आयोजन को गति देगी और संगठन स्तर पर यह आयोजन नगर अध्यक्ष के मार्गदर्शन में आयोजित होगा। जो जिला टोली बनाई गई उसमें भरत पारख को संयोजक और सहसंयोजक के रूप में डॉ. दीप्ति हाड़ा, इन्दू श्रीवास्तव, गोविंद पंवार को लिया गया। इन चारों लोगों के पास पहले से भाजपा नगर में दायित्व है।

# पूर्व पार्षद के हुए नेत्रदान

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। वैश्य और अग्रवाल समाज के वरिष्ठ और लायंस क्लब से जुडे डॉ. कुलभूषण मित्तल की माताजी और पूर्व पार्षद सुशीलारानी मित्तल का निधन हुआ। परिजनों ने सुशीलारानी की इच्छानुसार एम के इंटरनेशनल आई बैंक की टीम को उनके नेत्रदान का कार्य भी किया। निधन के पूर्व सुशीलारानी मित्तल ने विगत दिनों अपने निवास के पास वाली जमीन जो करीब 5 करोड रुपए की थी वह जगह जनहित में विधयाक महेन्द्र हार्डिया, महापौर पुष्यमित्र भार्गव की अपील पर निगम को इसलिए सौप दी थी कि यहां से सार्वजनिक मार्ग निकल सके। अंतिम यात्रा टेलीफोन नगर से निकलकर रीजनल मुक्तिधाम पहुंची। बडी संख्या में अग्रवाल समाजजन, कई राजनेता, वैश्य समाजजन, लायंस क्लब और प्रशासनिक अधिकारियों ने श्रद्धासुमन अर्पित किए। मंत्री तुलसीराम सिलावट, भाजपा नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा, पूर्व विधायक अशोक शुक्ला, पिंटू जोशी, अरविंद बागड़ी, संजय बांकडा, किशोर गोयल, संतोष गोयल, विपिन खुजनेरी, के.के. गोयल सहित बड़ी संख्या में शहर के चिकित्सक, पत्रकार एवं स्नेहीजन शामिल हुए।




# महापुरुष को याद किया

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। स्वतंत्रता सेनानी एवं उत्तराधिकारी संयुक्त संगठन के तत्वावधान में हर माह की 1 तारीख को राजबाडा अहिल्या माता उद्यान में सेनानी संगठन द्वारा कार्यक्रम आयोजित किए जाते है। कल राष्ट्र गीत वंदना के साथ स्वतंत्रता संग्राम सेनानी बाल गंगाधर तिलक की पुण्यतिथि के अवसर पर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। दिलीप राजपाल, अजय नारायण सीतलानी, विकास जोशी, प्रकाश व्यास, नरेंद्र गंगवाल, अजीत विश्वनार, सुनील अग्रवाल, सुभाष जैन, रजनी सीतलानी, कविता त्रिवेदी, सुधा भंडारी, पुष्पा जोशी, राधा पंवार, जयंती केवट, विजय पुणेकर, संजय खादीवाला, गम्मू कुरैशी, दिनेश दुबे, राजीव शर्मा, बाबूलाल मौर्य, अनोखी लाल, किशन भालसे, राकेश शास्त्री, देवेंद्रसिंह ठाकुर, मनोहरसिंह तोमर सहित अन्य मौजूद थे।

# युवा भाजपाई जिला अध्यक्ष करा रहे हैं दो दिवसीय कावड़ यात्रा

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष मनोजसिंह ठाकुर ने बताया कि उनके संयोजन में दो दिवसीय कावड़ यात्रा आज निकाली जा रही है। यह कावड़ यात्रा आज जानापाव से शुरू हुई है, जो पिगडम्बर तक जाएगी और शिवलिंग पर जलाभिषेक करेगी। कावड़ यात्रा कल महू से शुरू होकर पिगडम्बर पहुंचेगी। बड़ी संख्या में शिव भक्त मौजूद है।

# पश्चिमांचल माहेश्वरी समाज के चुनाव शुरू

## दो पैनलों के बीच 10 पदों के लिए मुकाबला

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

**पश्चिमी म.प्र. प्रादेशिक माहेश्वरी सभा के त्रिवार्षिक चुनाव आज सुबह 11 बजे से अम्बेडकर नगरी महू स्थित माहेश्वरी महाविद्यालय में शुरू हुए। प्रदेश पदाधिकारियों और आंचलिक पदों सहित 10 पदों के लिए मतदान कराया जा रहा है। जय रणजीत पैनल और उमा महेश पैनल के बीच यह मुकाबला हो रहा है। मतदान शाम 4.30 बजे तक होगा। इसके बाद रात तक परिणाम घोषित होंगे।**



मतदान स्थल पर सुबह 10 बजे ही दोनों पैनल के प्रत्याशी और उनके समर्थक पहुंच गए। प्रदेश भर से मतदान के लिए सदस्य पहुंच रहे हैं। मतदान स्थल के बाहर प्रत्याशियों ने मतदाताओं से अपने पक्ष में अंतिम गुहार लगाई जा रही है। पश्चिमी मध्यप्रदेश प्रादेशिक माहेश्वरी सभा के मुख्य चार पदों के अलावा दो अंचल में दो उपाध्यक्ष और एक संयुक्त सचिव के लिए मतदान किया जा रहा है। 7 पद पहले निर्विरोध हो चुके हैं, जिस पर उमा महेश पैनल के प्रत्याशी निर्विरोध चुने गए थे। वहीं 3 प्रादेशिक कार्यसमिति के लिए भी चुनाव किए जा रहे हैं। इस तरह 7 पदों के अलावा 3 कार्यसमिति सहित 10 पद के चुनाव हो रहे हैं। मतदान स्थल पर मतदाता पहुंचे तो उनके परिचय पत्र चेक किए जा रहे थे और अन्दर जाने के पहले उनके मोबाइल भी रखे जा रहे थे। चुनाव अधिकारी की टीम भी आज सुबह से अलर्ट थी। करीब 300 मतदाता प्रादेशिक सभा के मत डाल रहे हैं, वहीं अलग-अलग अंचल और कार्यसमिति के अलग-अलग मतदाता भी अपने मत का उपयोग कर रहे हैं।



### उज्जैन से एक जैसी वेशभूषा में पहुंचे मतदाता

आज प्रादेशिक सभा के चुनाव में उज्जैन के मतदाता, उम्मीदवार और उनके समर्थक एक जैसी वेशभूषा में एक साथ मतदान केन्द्र महू पहुंचे, जो आकर्षण का केन्द्र रहे।



## भाजपा नेता ने किया माल्यार्पण

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** भाजपा नेता विक्रमसिंह चौहान ने लोक शाहिर अण्णाभाऊ साठे की जयंती पर माल्यार्पण का आयोजन किया।

## कृषि महाविद्यालय में पौधारोपण आज

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत शहर में हर रविवार को पौधारोपण अभियान चलाया जा रहा है। मंत्री कैलाश विजयवर्गीय द्वारा शुरू किए गए एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत आज कृषि महाविद्यालय में दोपहर 3 बजे 15 हजार पौधों का रोपण होगा। इस दौरान जनप्रतिनिधि भी मौजूद रहेंगे।

## कांग्रेसी पुलिस अधिकारियों को भेंट करेंगे गांधी और आम्बेडकर के चित्र

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

कांग्रेस नेता जीतू दीवान ने बताया कि वे शहर के पुलिस अधिकारियों एवं सभी थाना प्रभारियों को महात्मा गांधी और डॉ. भीमराव आम्बेडकर चित्र के साथ गुलाब का फूल भेंट कर ईमानदारी और निष्पक्ष रूप से काम करने की अपील करेंगे। उल्लेखनीय है कि दो दिन पूर्व कांग्रेस शहर अध्यक्ष चिंटू चौकसे को पंढरीनाथ थाना पर करीब साढ़े 7 घंटे पुलिस ने पूछताछ के लिए बैठा लिया था। इसके बाद कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने पुलिस पर पक्षपात करने के आरोप लगाए। आक्रोशित कार्यकर्ताओं ने पंढरीनाथ थाना परिसर में नारेबाजी भी की थी। इसी के चलते जीतू दीवान ने पुलिस अफसरों को महापुरुष के चित्र के साथ गुलाब का फूल भेंट करने की योजना तैयार की।

## यशवंत क्लब के बाद आज कलेक्टर कार्यालय की दीवार पर बनाया मोदी, अडाणी और अम्बानी का चित्र



**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** कल सुबह यशवंत क्लब पर उस समय हंगामा मच गया, जब क्लब की बाउंड्रीवॉल के आसपास के हिस्सों में कुछ नारों के साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, अडाणी और अम्बानी के गलत ढंग से प्रस्तुत चित्र दीवारों पर बना दिया गया था। इसके बाद इन्हें पुतवाया गया। तुकोगंज पुलिस इस मामले में जांच कर रही है।

इसी बीच आज सुबह कलेक्टर कार्यालय की दीवार पर वहीं चित्र नजर आया तो हंगामा मच गया। सूचना मिलने के बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू की।

## बायपास पर शिवराज नजर आए तो विद्यार्थियों ने मामा कहकर लगाई आवाज





इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। पूर्व मुख्यमंत्री और केन्द्रीय मंत्री शिवराजसिंह चौहान कल शहर के बायपास से काफिले के साथ गुजरे तो इंदौर के सुनील पुरोहित सहित कुछ कार्यकर्ताओं ने उन्हें बायपास पर रोका और स्वागत किया। इस दौरान वहां से स्कूल बस निकली तो विद्यार्थियों ने मामा-मामा कहकर आवाज लगाई, शिवराज ने भी मुस्कराते हुए बच्चों का अभिवादन स्वीकार किया और उन्हें फ्लाइंग किस देकर बाय किया।

## बिहार के नेताओं की अगवानी



**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** बिहार के कैबिनेट मंत्री अशोक चौधरी, उनकी पत्नी नीता चौधरी और समस्तीपुर सांसद शाम्भवी चौधरी कल इंदौर विमानतल पहुंचे, जहां उनका अजीत बौरासी और उनकी टीम ने अगवानी की।

## कावड़ियों के साथ दलित नेता ने किया थाना का घेराव

### भगवान पर टिप्पणी के बाद मनोज परमार ने एफआईआर की मांग



**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** सोशल मीडिया पर एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें भगवान पर मौलाना द्वारा टिप्पणी की गई। इस मामले में दलित नेता एवं भारतीय बलाई महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष मनोज परमार ने चंदननगर थाना का घेराव किया उन्होंने भगवान पर टिप्पणी करने वाले पर कार्रवाई के लिए ज्ञापन सौंपा। इस दौरान थाना परिसर में कावड़ियों ने जमकर नारेबाजी की। हर-हर महादेव की गूंज थाना परिसर में हुई। सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस बल तैनात किया गया था।

# भंवरकुआं, फूटी कोठी ब्रिज के नीचे होगा खेल

## वर्ल्ड कप चौराहा ब्रिज के नीचे की तरह की जाएगी एक्टिविटी

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

**नगर निगम द्वारा अब भंवरकुआं और फूटी कोठी ब्रिज के नीचे खेल शुरू करने की तैयारी हो गई है। जिस तरह से प्राधिकरण के द्वारा वर्ल्ड कप चौराहा के नीचे एक्टिविटी का संचालन करवाया गया है अब इस तरह से नगर निगम भी काम करने की तरफ आगे बढ़ा है।**

इंदौर विकास प्राधिकरण के द्वारा जब भंवरकुआं चौराहा और फूटी कोठी चौराहा पर फ्लाईओवर ब्रिज का निर्माण कर यह ब्रिज नगर निगम को सौंपे गए थे उसी समय पर यह योजना तैयार हो गई थी कि इन ब्रिज के नीचे के बोगदे में खेल गतिविधि का संचालन किया जाए। इंदौर नगर निगम के द्वारा कहा गया था कि हमारी जमीन पर यह ब्रिज बने हैं ऐसे में इस तरह की गतिविधि का संचालन करवाना भी हमारा ही काम है। निगम के इस दावे के चलते हुए प्राधिकरण ने अपने कदम पीछे हटा लिए थे। अब नगर निगम के द्वारा इन दोनों ब्रिज के नीचे खेल गतिविधि का संचालन शुरू करने की पहल की गई है। इस तरह की गतिविधि का संचालन नगर निगम खुद तो कर नहीं सकता है ऐसे में नगर निगम के द्वारा टेंडर के माध्यम से 15 वर्ष के लिए इन दोनों स्थान पर खेल गतिविधि का संचालन करने हेतु प्राइवेट प्लेयर को बुलवाया गया है।

निगम के यातायात विभाग के द्वारा इस संबंध में टेंडर जारी कर दिया गया है। इसमें 31 अगस्त तक टेंडर भरा जा सकेगा। इसके बाद 1 सितंबर को निगम के द्वारा टेंडर खोला जाएगा। उसमें यह तय होगा कि कौन से स्थान पर कौन सी एजेंसी खेल गतिविधि का संचालन करने का काम करेगी। नगर निगम के द्वारा 15 खेल गतिविधि निश्चित की गई है। इन गतिविधियों का ही संचालन इस स्थान पर किया जा सकेगा। उक्त खेल गतिविधि के संचालन का ठेका लेने वाली एजेंसी को अपने कार्य के स्थल पर वाहनों की पार्किंग की भी व्यवस्था करना होगी। इसके साथ ही आग से बचाव के उपकरण भी लगाना होंगे।

### बड़ी देर कर दी टेंडर बनाने में

नगर निगम के द्वारा टेंडर बनाने के काम करने में ही बड़ी देर कर दी गई है। प्राधिकरण तो इन दोनों ब्रिज के नीचे जिस समय इन ब्रिज का लोकार्पण हुआ था उसके तत्काल बाद ही यह गतिविधि शुरू करना चाहता था। नगर निगम के द्वारा अड़ंगा लगा दिए जाने के कारण इन गतिविधि का संचालन शुरू नहीं हो सका। इसके चलते हुए इन ब्रिज के आसपास के क्षेत्र में निवास करने वाले नागरिकों को यह सुविधा नहीं मिल सकी। कई महीनो तक कोशिश करने के बाद जाकर नगर निगम इस काम के लिए प्रस्ताव तैयार कर पाया है।

### खजराना ब्रिज को छोड़ दिया

अभी भी नगर निगम के द्वारा दो ब्रिज के नीचे ही इस तरह की गतिविधि के संचालन की पहल की गई है। इसमें खजराना के फ्लाईओवर ब्रिज को छोड़ दिया गया है। खजराना का ब्रिज भी इन दोनों ब्रिज के साथ ही बना था। वहां पर भी इसी तरह की गतिविधि संचालन करने का प्रस्ताव था। लेकिन उस प्रस्ताव को अभी रोक दिया गया है। अब यह तो आने वाला समय ही बताएगा कि खजराना के ब्रिज के नीचे इस तरह की गतिविधि के संचालन की दिशा में नगर निगम कब जाकर कदमताल कर पाएगा।

# बायपास ब्रिज के पास सड़क हादसे में युवती की मौत

## ढाबे पर दोस्तों के साथ खाना खाने जा रही थी

इंदौर। तेजाजी नगर थाना क्षेत्र के बायपास पर बने ब्रिज के नीचे एक बेहद दर्दनाक हादसा सामने आया है, जहां एक युवती गंभीर और खून से लथपथ हालत में मिली। राहगिरों की मदद से उसे तुरंत इलाज के लिए एमवाय अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों की तमाम कोशिशों के बावजूद उसने दम तोड़ दिया। सूचना मिलने पर तेजाजी नगर थाना पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया और मामले की विस्तृत जांच शुरू कर दी है।

मृतका की पहचान 29 वर्षीय साहिबा पिता मोहम्मद अफसर हाल निवासी महालक्ष्मी नगर के रूप में हुई है। मृतका के दोस्त अंकुर ने बताया कि साहिबा मूल रूप से भोपाल की रहने वाली थी। वह खंडवा रोड स्थित एक ढाबे पर अपने दोस्तों के साथ खाना खाने के लिए जा रही थी। रास्ता समझ में न आने के कारण अंकुर उसे रिसीव करने के लिए तेजाजी नगर ब्रिज के समीप पहुंचा था और रास्ते में उसका इंतजार कर रहा था। जब अंकुर तेजाजी नगर बायपास ब्रिज के पास पहुंचा, तो वहां साहिबा लहूलुहान हालत में पड़ी हुई थी। मौके पर मौजूद प्रत्यक्षदर्शियों और राहगिरों ने बताया कि एक तेज रफ्तार अज्ञात कार ने युवती को जोरदार टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। राहगिरों की मदद से उसे अस्पताल पहुंचाया गया, लेकिन अत्यधिक खून बह जाने के कारण उसकी जान नहीं बचाई जा सकी। तेजाजी नगर थाना पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालकर टक्कर मारने वाले अज्ञात वाहन की तलाश शुरू कर दी है।

# यशवंत सागर तालाब अभी भी 7 फीट खाली

## जुलाई का महीना बीत जाने के बावजूद तालाबों में नहीं आया पर्याप्त पानी

इन्दौर। हमारे अपने इंदौर शहर और आसपास के क्षेत्र में कम वर्षा होने के कारण अभी भी सबसे बड़े यशवंत सागर तालाब में 7 फीट स्थान खाली है। जुलाई का महीना समाप्त हो जाने के बावजूद तालाबों में अब तक पर्याप्त पानी नहीं आ सका है।

इंदौर शहर में अब तक 15 इंच पानी बरस चुका है। इस पानी के आधार पर राज्य सरकार के द्वारा यह माना जा रहा है कि इंदौर में औसत वर्षा से ज्यादा वर्षा हो गई है। यह वर्षा कितनी कम है इसका अंदाजा तो इसी बात से लगाया जा सकता है कि गर्मी के मौसम में इंदौर में जो बोरिंग सूख गए थे उनमें से बहुत सारे बोरिंग तो अभी तक चालू भी नहीं हो पाए हैं। जब पानी की स्थिति केवल इंदौर शहर में ही इतनी खराब हो ऐसा नहीं है। इंदौर शहर के आसपास के ग्रामीण क्षेत्र में भी पानी की स्थिति खराब ही है। इसी का परिणाम है कि इंदौर के प्रमुख तालाब उम्मीद के मुताबिक नहीं भर पाए हैं। शहर की पेयजल व्यवस्था के लिए सबसे महत्वपूर्ण यशवंत सागर में अभी भी सात फीट पानी की कमी है।

जुलाई का महीना समाप्त हो जाने के बावजूद शहर के तालाबों का जलस्तर ज्यादा नहीं बढ़ पाया है। अब ऐसा समझा जाता है कि इन तालाबों को पानी से पूरा भरने में अगस्त माह पूरा लग सकता है। अभी तक कुछ तालाब आधे तो कुछ आधे से भी कम भरे हैं। शहर की प्यास बुझाने वाले यशवंत सागर तालाब में अभी 12 फीट पानी है, जबकि पिछले साल जुलाई में ही यह तालाब लबालब हो गया था और गेट खोलकर इस तालाब से पानी बहाया गया था। इस तालाब की क्षमता 19 फीट है। अभी भी तालाब सात फीट खाली है। कहने का मतलब यह है कि अभी तक इस तालाब में 12 फीट पानी भराया है।

### चैनल अवरुद्ध हो जाने के कारण खाली रहते हैं दो तालाब

इंदौर नगर में दूसरा बड़ा तालाब बिलावली है, लेकिन उसे भरने में ही ज्यादा वक्त लगता है, क्योंकि बायपास बनने के बाद तालाब की चैनलें अवरुद्ध हो गईं और तालाब में पानी काफी धीरे आता है। लिंबोदी तालाब भी इसी कारण खाली रहता है, हालांकि इस तालाब की चैनलों की सफाई के लिए नगर निगम ने विशेष तौर पर अभियान चलाया था। इस तरह का अभियान नगर निगम हर साल ही चलता है लेकिन उसका कोई बहुत अच्छा परिणाम सामने नहीं आता है।

# खाती मोहल्ला, रवि नगर और अलकापुरी में नई सड़क की बारी

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट )।** विधानसभा 5 के अंतर्गत वार्ड क्रमांक 52 में स्थित खाती मोहल्ला क्षेत्र और रविनगर के साथ ही अलकापुरी कॉलोनी की विभिन्न गलियों में लंबे समय से क्षतिग्रस्त सालों पुरानी सड़कों की बजाय अब क्षेत्रीय पार्षद सावित्री-सुदामा चौधरी द्वारा इसी मानसून सीजन में बेहद जल्द पुरानी ऊबड़-खाबड़ सड़कों की बजाय नई चमचमाती सीमेंटेड सड़कों का जाल बिछाने की तैयारी शुरू कर दी गई है। जिसको लेकर निगम द्वारा निविदा भी जारी कर दी गई है। कहा जा रहा है कि अब बेहद जल्द क्षेत्र के रहवासियों की मांग पर सड़क निर्माण कार्य भी शुरू करने की तैयारी है। जिसके अंतर्गत निगम द्वारा करीब 30 लाख रुपए के आसपास खर्चकर वार्ड के जिन प्रमुख क्षेत्रों में ड्रेनेज और नर्मदा के साथ बोरिंग की लाइन डालने के लिए खुदाई से खराब हुई सड़कों को आवश्यक सुधार कर नव निर्माण का काम शुरू किया जाएगा। क्षेत्रीय पार्षद सावित्री सुदामा चौधरी ने बताया लंबे समय से क्षेत्र के रहवासी नई सड़क निर्माण और पुरानी खुदी सड़क के सुधार को लेकर मांग कर रहे थे। जिसकी मंजूरी को लेकर निगम में लगातार प्रयास कर रहे थे। वहीं अब टेंडर प्रक्रिया के बाद उम्मीद है जल्द काम भी शुरू हो जाएगा। जिससे क्षेत्र के रहवासियों को बड़ी राहत मिलेगी।

# फ्रेण्ड्शिप-डे आज....अंतिम सांस तक दोस्ती निभाने के हो रहे हैं वादे

## रिसोर्ट, पिकनिक स्पॉट, क्लब, फार्म हाऊस और रेस्टोरेंट में जम रही है दोस्तों की महफिल

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** अगस्त माह के पहले रविवार को फ्रैण्डशिप-डे मनाया जाता है। आज फ्रैण्डशिप-डे पर बच्चों से लेकर युवाओं तक में जोश है। सोशल मीडिया पर बधाइयों का दौर जारी है। बच्चों द्वारा एक-दूसरे को फ्रण्डशिप बेल्ट भी बांधे जा रहे हैं। दोस्तों ने आज साथ घूमने के प्लान भी बनाए हैं जो सुबह से देर रात तक चलेंगे। फ्रैण्डशिप-डे दुनिया के अहम रिश्ता में माने जाने वाली दोस्ती का दिन है। सुबह से दोस्त चाय के ठेलों से लेकर नाश्ते दुकानों तक नजर आ रहे है। सोशल मीडिया पर मैसेजों का भी ढेर लगा हुआ है। अंतिम सांस तक दोस्ती निभाने के वादे भी हो रहे हैं। खुशनुमा मौसम के बीच दोस्तों ने रिसोर्ट, पिकनिक स्पॉट, क्लब, फार्म हाऊस और रेस्टोरेंट जाने का प्लान पहले से ही बना लिया था। सुबह से देर रात तक आज का दिन दोस्ती के नाम कर दिया है।

# देशभर से पहुंचे 26 अधिकारियों ने किया स्वच्छता और शहरी प्रबंधन मॉडल का अध्ययन

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** इंदौर के स्वच्छता एवं शहरी प्रबंधन मॉडल का अध्ययन करने देशभर से 26 अधिकारी इंदौर पहुंचे थे और तीन दिनों तक उन्होंने इस अध्ययन दौरे में बहुत कुछ जाना। आईएएस अधिकारी और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र योजना बोर्ड के सदस्य गुलजार नटराजन के मार्गदर्शन में यह अधिकारियों का दल पहुंचा। तीन दिवसीय दौरे का समापन भी हुआ। इस अध्ययन दौरे का उद्देश्य देश के विभिन्न राज्यों के नगरीय निकायों को इंदौर के उत्कृष्ट ठोस अपशिष्ट प्रबंधन एवं प्रभावी शहरी प्रशासन मॉडल से अवगत कराना था। इंदौर नगर निगम की विभिन्न स्वच्छता एवं नवाचार आधारित परियोजनाओं का विस्तृत निरीक्षण किया। अधिकारियों ने राजशाही गार्बेज ट्रांसफर स्टेशन, जीरो वेस्ट इंदौर ज़ू, केसरबाग आरआरआर सेंटर, गोवर्धन प्लांट, मटेरियल रिकवरी फैसिलिटी, बायोरेमेडिएशन साइट, स्लज हाइजीनाइजेशन प्लांट, वर्षा जल संचयन (रेन वॉटर हार्वेस्टिंग), डिजिटल गवर्नेंस सिस्टम तथा नागरिक सहभागिता जैसे सफल मॉडलों का अवलोकन कर उनकी कार्यप्रणाली को समझा। इस दौरान निगम अधिकारी प्रखर सिंह, अर्थ जैन ने सभी जानकारियां दल को दी। दल में आए अधिकारी कल्याण सहाय मीणा ने कहा कि इस प्रकार के अध्ययन दौरे विभिन्न शहरों के बीच ज्ञान एवं अनुभवों के आदान-प्रदान का सशक्त माध्यम हैं, जिससे सफल मॉडलों को अन्य नगरों में अपनाने में सहायता मिलती है। अध्ययन दौरे में शामिल सभी अधिकारियों ने इंदौर के स्वच्छता मॉडल, प्रभावी शहरी प्रबंधन एवं जनभागीदारी की सराहना करते हुए अपने-अपने राज्यों में इस मॉडल को अपनाने की इच्छा व्यक्त की।



# इन्दौर की फिर लौटेगी 'गार्डन सिटी' की पहचान- मंत्री विजयवर्गीय

## 21 लाख पौधों से बदलेगी इंदौर की तस्वीर, वाटर हार्वेस्टिंग कराने वालों को होटलों में मिलेगा डिस्काउंट

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

पर्यावरण संरक्षण को जनआंदोलन बनाने की दिशा में इंदौर एक बार फिर बड़ी पहल करने जा रहा है। शहर में 21 लाख पौधों के महाअभियान के साथ जल संरक्षण को भी नई गति दी जाएगी। खास बात यह है कि अब जिन लोगों ने अपने घरों में रूफ वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाया है, उन्हें होटल इंडस्ट्री की ओर से विशेष छूट भी मिलेगी। नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि प्रकृति से लेने का अधिकार सभी को है, लेकिन उसका दोहन करने का अधिकार किसी को नहीं। यदि आने वाली पीढ़ियों के लिए सुरक्षित भविष्य छोड़ना है तो पौधारोपण और जल संरक्षण को जनभागीदारी का अभियान बनाना होगा।

### बाग-बगीचों के लिए पूरे देश में पहचाना जाता था इन्दौर

होटल एसोसिएशन एवं इंडस्ट्री एसोसिएशन की बैठक में मंत्री विजयवर्गीय ने कहा कि कभी इंदौर अपनी हरियाली और बाग-बगीचों के लिए पूरे देश में पहचाना जाता था। अब उसी पहचान को फिर से स्थापित करने के लिए व्यापक स्तर पर पौधारोपण किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि रेवती रेंज में वर्षों पहले लगाए गए पौधे आज घने वृक्षों का रूप ले चुके हैं, जो इस अभियान की सफलता का जीवंत उदाहरण हैं।

### हरियाली देती है सुकून, पेड़ भी हैं संवेदनशील

विजयवर्गीय ने कहा कि वैज्ञानिक शोध बताते हैं कि वृक्ष भी संवेदनशील होते हैं और पर्यावरण का संतुलन बनाए रखने में उनकी भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है। हरियाली के बीच समय बिताने से मानसिक तनाव कम होता है और सकारात्मक ऊर्जा मिलती है।

### 40 फीट से 600 फीट तक पहुंचा पानी

भू-जल स्तर में आई भारी गिरावट पर चिंता जताते हुए मंत्री ने कहा कि एक समय शहर में 40 से 50 फीट पर पानी मिल जाता था, लेकिन अब 500 से 600 फीट तक बोरिंग करनी पड़ रही है। इसी चुनौती से निपटने के लिए नगर के 1100 बगीचों के 25 प्रतिशत हिस्से में सघन वन विकसित किए जाएंगे। यहां 5 से 6 फीट ऊंचे विशेष प्रजाति के पौधे लगाए जाएंगे, जिन्हें कोलकाता सहित अन्य राज्यों से मंगाया गया है, ताकि कम समय में हरित क्षेत्र विकसित हो सके।

### जल बचाइए, होटल में छूट पाइए

बैठक में होटल इंडस्ट्री के अध्यक्ष सुमित सूरी ने घोषणा की कि जिन नागरिकों ने अपने घरों में रूफ वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम स्थापित किया है, उन्हें शहर के होटल विशेष डिस्काउंट देंगे। उनका मानना है कि इससे लोग जल संरक्षण के लिए प्रेरित होंगे और वर्षा जल संचयन को बढ़ावा मिलेगा।

### पर्यावरण बचाने का इंदौर मॉडल

विशेषज्ञों का मानना है कि बढ़ते शहरीकरण, जलवायु परिवर्तन और गिरते भू-जल स्तर के बीच पौधारोपण तथा वर्षा जल संचयन ही भविष्य का सबसे प्रभावी समाधान है। ऐसे में इंदौर का 21 लाख पौधों का यह अभियान केवल हरियाली बढ़ाने तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि पर्यावरण संरक्षण का ऐसा मॉडल बन सकता है, जिसे दूसरे शहर भी अपनाने की दिशा में आगे बढ़ें।





# संघ लोक सेवा आयोग ने प्रायोजित कराई सहायक प्राध्यापक परीक्षा

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा सहायक प्राध्यापक परीक्षा-2025 (भाग-2) का आयोजन आज किया जा रहा है। यह परीक्षा अग्रांकित 6 विषयों के लिए दो सत्रों में आयोजित की जा रही है। पहला सत्र शुरू हुआ, यह परीक्षा इंदौर और भोपाल के निर्धारित केन्द्रों पर हो रही है। सभी परीक्षार्थियों को निर्देशित किया गया था कि वे अपने परीक्षा सेंटर पर परीक्षा के 90 मिनट पूर्व पहुंच जाए। आज सख्ती से इन परीक्षार्थियों की त्रिस्तरीय जांच की गई और उसके बाद ही परीक्षार्थियों को कक्ष तक जाने दिया गया। इस परीक्षा के लिए जो नियम कायदे बनाए गए थे उसे भी आज सख्ती से पालन कराया गया।

# अगले माह शुरू होगा नई सड़क का काम

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

स्कीम-71 के सेक्टर बी में मुख्य प्रवेश द्वार से लेकर भीतर के चौराहे तक अब अगले माह में बेहद जल्द क्षेत्र के रहवासियों को सालों पुरानी ऊबड़-खाबड़ जगह जगह से खुदी सड़क की बजाय आने वाले दिनों में लगभग एक करोड़ पिंचयांनवे लाख रुपए से ज्यादा की लागत से नई सीमेंट कांक्रीट सड़क का निर्माण किया जाएगा। जिसको लेकर क्षेत्र के रहवासियों की लंबे समय की पुरानी मांग अब जाकर पूरी होने जा रही है ताकि स्कीम-71 क्षेत्र के सेक्टर बी और आसपास के एरिया में रहने वालों को भी इस मुख्य सड़क निर्माण से बड़ी सहूलियत होगी। जिसका लोगों को बेसब्री से इंतजार था।

### लाइन डालने के लिए खुदाई से हो रही सड़क की हालत खराब

ग़ौरतलब है कि अभी झोंन 15 के अंतर्गत आने वाले वार्ड 83 से जुड़े स्कीम-71 वाले इस क्षेत्र की सालासर ट्रेडर्स वाली गली से भीतर करीब 800 मीटर से ज्यादा लंबी मुख्य सड़क के साथ आसपास की गलियों की ड्रेनेज और नर्मदा लाइन के लिए कई बार जगह-जगह से खुदी मुख्य सड़क के निर्माण की बारी आई है। जिसकी लगातार हालत खराब होने से रहवासी परिवार क्षेत्रीय पार्षद और महापौर के साथ अन्य जनप्रतिनिधियों से लगातार इस सड़क के निर्माण को लेकर मांग कर रहे थे। जिसके बाद अब जाकर मंजूरी मिलने के बाद निगम यहां मुख्य सड़क के साथ भीतर की गलियों में भी लगभग एक करोड़ 95 लाख रुपए के आसपास खर्चकर नई सड़क निर्माण करेगा। जिसको लेकर फिलहाल यहां तैयारियां शुरू हो गई है। वहीं निविदा जारी कर ठेकेदार की तलाश भी शुरू हो गई है। निगम अधिकारियों के मुताबिक अगले माह टेंडर संबंधित प्रक्रिया पूरी होते ही जल्द काम भी शुरू कर दिया जाएगा। जिसको लेकर पूरी प्लानिंग के साथ तैयारियां चल रही है।



# रोल वॉल कोर्ट का अब होगा आधुनिकरण और पुनर्विकास

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट )। विधानसभा 5 के वार्ड क्रमांक 42 के अंतर्गत आने वाली खजराना सर्विस रोड पर शासकीय विद्यालय परिसर के मैदान में स्थित सालों पुरानी रोल बॉल कोर्ट के पुनर्विकास और आधुनिकरण के लिए क्षेत्र के रहवासियों और छात्रों की मांग पर अब जल्द नवीनीकरण और पुनः विकास का कार्य किया जाएगा। जिसको लेकर तैयारियां भी शुरू हो गई है। बताया जा रहा है कि करीब 25 लाख रुपए के आसपास खर्च कर पुरानी फुटबॉल कोर्ट की जगह नई वाल कोर्ट का निर्माण किया जाएगा।

**खिलाड़ियों को मिलेगी पुनर्विकास से बड़ी राहत-** खास बात है कि विद्यालय परिसर के पास खाली मैदान में खेल मैदान और फुटबॉल कोर्ट का पुनर्विकास और नई गैलरी तैयार होने से छात्र खिलाड़ियों को फायदा होगा। साथ ही दर्शक दीर्घा में टूटी गैलरी का पुनः नए सिरे से निर्माण होने से छात्र संस्कृति प्रोग्राम और आयोजित होने वाले खेल बैठकर आराम से देख सकेंगें। जिसका कार्य बेहद जल्द शुरू होगा जिसको लेकर अभी निविदा संबंधित प्रक्रिया तेज हो गई है।

# बस्तियों में रहने वाले गरीबों को मिलेगा बेहतर मुफ्त इलाज

## लोगों को अब नहीं करना पड़ेगा इलाज के लिए बड़े अस्पतालों में खर्चा

## *हॉकर्स जोन के पास मिलेगी संजीवनी की सौगात*

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट )। विधानसभा 5 के पिपलियाहांना क्षेत्र में गरीब बस्तियों में रहने वाले जरूरतमंद लोगों के इलाज के लिए क्षेत्र में पहला संजीवनी क्लिनिक अब बनकर तैयार हो गया। आने वाले दिनों में बेहद जल्द निगम द्वारा हॉकर्स जोन के पास करीब 35 लाख से ज्यादा की लागत से तैयार क्षेत्र के पहले संजीवनी क्लीनिक की सौगात बेहद जल्द देने की तैयारी है। जिसको लेकर इन दिनों यहां तेजी के साथ काम चल रहा है।



### मुफ्त इलाज के साथ मिलेगी क्लीनिक में अन्य सुविधाएं

वार्ड क्रमांक 50 से जुड़े रमाबाई नगर, तालाब की पाल के पास स्थित गरीब बस्ती में मध्यमवर्गीय परिवार के साथ आईडीए मल्टी स्कीम 140 परिसर में रहने वाले सैकड़ों परिवारों के लोगों को अब अपने इलाज के लिए होने वाले खर्च की चिंता नहीं रहेगी। क्षेत्रीय पार्षद राजीव जैन और विधायक महेंद्र हार्डिया के प्रयासों से पिपलियाना क्षेत्र में जरूरतमंद लोगों को निःशुल्क इलाज की सुविधा शासन-प्रशासन की महत्वपूर्ण योजना संजीवनी क्लिनिक में आने वाले दिनों में मिलने वाली है।

### संजीवनी क्लीनिक निर्माण का कार्य अंतिम दौर में

वर्तमान में यहां संजीवनी क्लीनिक निर्माण का कार्य लगभग पूरा होने वाला है। कहा जा रहा है कि जल्द तैयार संजीवनी क्लिनिक को शुरू कर क्षेत्र के लोगों को कम खर्च में बेहतर इलाज की सुविधा के लिए बड़ी सौगात के रूप में निगम की देने की तैयारी है। पार्षद जैन ने बताया कि हमारा प्रयास है कि विधायक महेंद्र हार्डिया और महापौर पुष्यमित्र भार्गव से जल्द क्षेत्र की बस्तियों में रहने वाले हजारों रहवासियों की सुविधा के लिए संजीवनी क्लिनिक का विधिवध लोकार्पण कर जनता को सौंप दे। इसके लिए वर्तमान में यहां बचें काम तेजी के साथ पूरे करवाने के प्रयास कर रहे है।



# सुनील सागर म.सा. के चातुर्मास की कलश स्थापना

## चार दिनों में ही बनकर तैयार हो गया पांडाल

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** जैन कालोनी नेमी नगर में आचार्य सुनील सागर म.सा. संघ का चातुर्मास हो रहा है। इसके लिए आज दोपहर में कलश स्थापना होगी। चातुर्मास के लिए घुंघट गार्डन में पांडाल बनाया गया है, यह पांडाल चार दिनों में ही तैयार कर दिया गया। 100 से ज्यादा मजदूरों की मदद से इसे कमल रावका के निर्देशन में तैयार करवाया गया। 60 से ज्यादा संतों का सुनील सागर म.सा. के साथ चातुर्मास यहां हो रहा है। आयोजन की बागडोर पुलक मंच द्वारा संभाली जा रही है। उक्त जानकारी अभय झांझरी, वैभव कासलीवाल, अमित ने दी।



# लायंस क्लब का पौधारोपण अभियान

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** लायंस क्लब ऑफ इंदौर यूनिक द्वारा 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत वृक्षा रोपण का आयोजन स्कूल में किया। संतोष गोयल, डॉ. सीपी हेड़ा, विनोद जोशी, संजय लोहिया, विनीता हेड़ा, रमेश गुप्ता, अनिल मोदी, पवन पारीक, श्वेता जोशी, संतोष सोनी, रमेश गुप्ता, महेश पाटीदार सहित अन्य मौजूद थे।

# अधिकारी को पहनाया स्कार्फ



**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** भारत स्काउट गाइड जिला संघ इंदौर द्वारा बाहर से आए डॉ. अनिल जैन और उनकी धर्मपत्नी को विश्व स्कार्फ दिवस पर स्कार्फ पहनाकर स्वागत कर गॉड ऑफ ऑनर भी दिया गया, पदाधिकारी मौजूद रहे।

# मांग मातंग समाज ने निकाली शोभायात्रा

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**



अण्णाभाऊ साठे की जयंती अवसर पर मांग मातंग समाजजनों ने केन्द्रीय संचालन समिति के बैनर तले शोभायात्रा का आयोजन किया। जयघोष भी लगाए गए। पंढरीनाथ चौराहा से यह शोभायात्रा बैंडबाजों और डीजे की धुन पर निकली, झांकियां भी शामिल हुई। शहर के मध्य यह यात्रा भ्रमण करते हुए वापस पंढरीनाथ पहुंची। जगह-जगह स्वागत भी हुआ। कांग्रेस जिला अध्यक्ष विपिन वानखेड़े, डॉ. हेमंत हरोले, आनन्दराम करोले, हरिराम चौहान, मोनिका मानकाकर, रमा चंदन, गजानन मानमोटे, संतोष पी.सी. रायपुरे, सुधाकर तायड़े, सुखदेव पानपाटील, एस.एस. सोनोने, स्वप्निल तायडे, सोलंकी, अमित पालीवाल, इशान पोरवाल, डमरू पहलवान, सदाशिव खंडारे, संजय अवचारे, बन्ना मालवीय, दीपक पंचोली, शिवा चांदने, लखन तायडे, संजय अवचरे, बाबूराव शिरोडकर, सावन बोरले, विष्णु प्रदीप खुपराव, विक्रम चौहान, लक्की इंगले, सुनील डावर, वासुदेव अवसरमल, अर्जुन महले, वासुदेव अवचारे, किशन भालसे, अंकित अंबोरे सहित अन्य मौजूद थे।

# कोली समाजजनों ने की स्मारिक को लेकर वर्चुअल बैठक



**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।** कोली समाज के प्रदेश कार्यवाहक अध्यक्ष प्रकाश महावर कोली ने बताया कि कोली समाज की स्मारिका के 55 साल के सफर के प्रकाशन को लेकर वर्चुअल बैठक आयोजित की गई। राष्ट्रीय अध्यक्ष वीरेन्द्र कश्यप, पूर्व सांसद सत्यनारायण पंवार, डीपी शंखवार, हरीश चन्द्रावत, प्रकाश महावर कोली, अमरनाथ, दत्तात्रेय रेड्डी, नागाबेन बुल्ला, किशोर शेख, दयानंद कोली, उत्तमसिंह कश्यप ऑनलाइन बैठक में मौजूद रहे।

# लायन्स का नेत्र परीक्षण शिविर

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** लायंस इंटरनेशनल क्लब द्वारा नेत्र शिविर का आयोजन किया गया। सेवाकार्य में डॉ. हर्ष मोने, डॉ. अभिराम थैकर ने सेवाएं दी। दिनेश रणधर, आशमा मल्होत्रा, मोहनसिंह नरवरिया, उषा शर्मा, नंदा मिश्रा, शोभा दुबे, रिंकी जयसिंघानी चुग, अर्चना दीक्षित, आभा शास्त्री, अचला जैन, रीता टंडन आभा पांडे ने अपनी भूमिका इस सेवा शिविर में निभाई।





# सीडाना दम्पति का स्वागत

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** उद्योगपति सुरेन्द्र सीडाना, सुषमा डीडाना दम्पति का ट्रांसपोर्ट महासंघ अध्यक्ष संजय अरोड़ा, राकेश अरोड़ा, गीता अरोड़ा, राकेश डिम्पल, पूजा अरोड़ा, मोनिका अरोड़ा, चिराग अरोड़ा, उषा अरोड़ा सहित अन्य ने स्वागत किया।

# विश्व जागृति मिशन का गुरु पूर्णिमा महोत्सव आज

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** विश्व जागृति मिशन इंदौर मंडल के तत्वावधान में आज सुबह से धार रोड स्थित बालकृष्ण बाग में गुरु पूर्णिमा महोत्सव मनाया जा रहा है। रामस्नेही संत गोपालराम महाराज, गोविन्दराम महाराज भी गुरु महिमा पर सार्थक उदबोधन दे रहे है। भजन गायक महेश शर्मा भी अपनी भूमिका निभाएंगे। कृष्णमुरारी शर्मा ने उक्त जानकारी दी।



# योगा क्लब का आयोजन

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** मॉडर्न योगा क्लब ने गोल बगीचा में कार्यक्रम आयोजित किया। इस दौरान डॉ. शिवप्रकाशसिंह बघेल, असगर, हरबेलसिंह चड्ढा, मंसूर कॉलेजवाला, मोहन शर्मा, प्रताप, विपिन पोद्दार का सम्मान किया गया। वरिंदरसिंह खुराना, राजेश सुखेजा एवं राकेश मौर्य, जसबीर सिंह, रंजना खत्री, भूपेन्द्रसिंह भाटिया, मोहम्मद, सौरभ दीक्षित ने भी अपनी भूमिका निभाई, गीतों की प्रस्तुति भी हुई।

# पुराने दोस्तों ने किया मित्रता दिवस पर मिलन

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** कॉलेज में एक साथ पढ़े 40 साल पुराने साथियों ने मित्रता दिवस पर एक साथ मुलाकात की। राजकुमार जैन, शौकत खान, संजीव जैन, महेश भाले, चिंतामन केलकर, धर्मेंद्र पाटीदार, अशोक गुप्ता दोस्ती की मिसाल में साथ दिखे।





# मित्रता दिवस पर महाबैंक परिवार का मिलन

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** मित्रता दिवस के अवसर पर बैंक ऑफ महाराष्ट्र के सेवानिवृत्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा बैंक ऑफ महाराष्ट्र के अंचल कार्यालय, इंदौर में 'महाबैंक परिवार' के बैनर तले एक विशेष मिलन समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में सेवानिवृत्त अधिकारी एवं कर्मचारी शामिल हुए। बैंक के अंचल कुमार प्रमुख की मौजूदगी में कार्यक्रम आयोजित किया गया। आभार श्रीकुमार गौतम ने व्यक्त किया।



# विद्युत विभाग के सेवानिवृत्त कर्मचारियों का सम्मान

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** इंदौर। मध्यप्रदेश विद्युत कर्मचारी संघ फेडरेशन ने विद्युत मंडल/कंपनी की सेवा से सेवानिवृत्त हुए साथियों का ऊर्जा परिसर पोलोग्राउंड में सम्मान किया। पवन जैन, मिलिंद माधव, धर्मेन्द्र सिसौदिया का सम्मान किया। एन.के. यादव, मदन वर्मा, जे एल जोशी, जी एल मेनारिया, एन के जैन, सतीश पुंडलिक, अंबादास काले, विरेन्द्र प्रताप मिश्रा मौजूद थे।

# सत्संग सभा में राष्ट्र संत के प्रवचन

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** दलाल बाग में चातुर्मास कार्यक्रम के दौरान राष्ट्र संत मुनि पुंगव सुधासागर म.सा. ने सत्संग सभा में जैन समाजजन की बडी मौजूदगी में सकल दिगम्बर जैन धर्म प्रभावना समिति के तत्वावधान में सार्थक प्रवचन दिए। मनीष-सपना गोधा, नवीन-शिवानी गोधा, आनंद-अंतिका गोधा, हर्ष जैन, आकाश जैन ने सभी साधकों की अगवानी की। आज सुबह भी हुई धर्मसभा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

# उत्तराध्ययन सूत्र की अमृतवाणी से गूंजा धार्मिक हॉल

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।



सौधर्म बृहत्तपोगच्छीय त्रिस्तुतिक जैन श्वेताम्बर श्रीसंघ, इन्दौर द्वारा केशरी वाटिका में आयोजित धार्मिक कार्यक्रमों की श्रृंखला में शनिवार को आध्यात्मिक चेतना, भक्ति एवं श्रद्धा का अद्भुत संगम देखने को मिला। भगवान महावीर की 16 प्रहर की देशना के अंतर्गत उत्तराध्ययन सूत्र के 36 अध्यायों की व्याख्या का शुभारम्भ हुआ, वहीं चल प्रतिष्ठा महोत्सव, विभिन्न धार्मिक लाभ, नवकारसी एवं शाही करबा सहित अनेक कार्यक्रमों में हजारों श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। सुविशाल गच्छाधिपति पूज्य आचार्य श्रीमद् विजय नित्यसेनसूरीश्वरजी म.सा. ने प्रवचन दिए जिनका रसपान जैन समाजजनों ने किया। राजेश जैन युवा ने बताया कि नरेन्द्र बोहरा, राकेश बोहरा, कांतिलाल बोहरा, प्रभात कुलदीप वोहरा, विनोद संघवी, नरेन्द्र कुमार, दिनेश मदनलाल ने पुण्य लाभ लिया।



## एमवाय में मरीजों के लिए प्रोटीन पैकेट भेंट

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** ब्राह्मण सेवा संगठन ने सर्व समाज सेवा प्रकल्प 'निरामय सेवा संजीवन' के माध्यम से 30वीं बार एम. वाय. अस्पताल के जरूरतमंद मरीजों को विटामिन और प्रोटीन के 320 पैकेट प्रदान किए गए। सत्येन्द्र शर्मा, नीलाभ सुगंधी, अनुपम तिवारी, राजेन्द्र-ममता शर्मा, अशोक चौरडिया, अशोक शर्मा सहित अन्य सेवा आयोजन में मौजूद थे।



## मोहम्मद रफी के गीतों की प्रस्तुति

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** बावरा कराओके की संगीतमय् प्रस्तुति दी गई। मोहम्मद रफी की पुण्यतिथि पर उनके गीतों की संगीतमय प्रस्तुति दोपहर से लेकर शाम तक दी गई। सुरेश पण्डित, लक्ष्मीनारायण राव, ज्योति राठौर, ओपी भारती, जितेन्द्र पांडे, कल्पना श्रीवास्तव, योगेन्द्र श्रीवास्तव, राजेश राजपूत, संगीता निम्बोला, संतोष परमार, इंदर पोरवाल, मंजूला भारती, भावना पंवार ने गीतों की प्रस्तुति और अन्य आयोजन में शिरकत की।

## बालाजी वेलफेयर सोसायटी करा रही है भोजन

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** आज श्री बालाजी वेलफेयर सोसायटी द्वारा एमवाय अस्पताल में भोजन प्रसादी का आयोजन किया जा रहा है। हर माह के प्रथम और तृतीय रविवार को सेवा प्रकल्प के अन्तर्गत भोजन प्रसादी का आयोजन किया जाता है। महत्वपूर्ण बात यह है कि ड्राय फ्रूट लड्डू प्रसाद मखाने पेकिंग कर जच्चा वार्ड में परिवार की मातृ शक्ति द्वारा वितरित किया जा रहा है।





## इंदौर के कलाकार पुष्पांशु खले की फिल्म देखने पहुंचे दर्शक

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** शहर के युवा कलाकार पुष्पांशु खले द्वारा अभिनीत फिल्म दुल्हनियां ले आएगी सी 21 माल के थियेटर में लगाई गई। फिल्म देखने के लिए दर्शक पहुंचे।जिगर लाला का रोल निभाने वाले अभिनेता पुष्पांशु खले की काफी सराहना की। इस अवसर पर अभिनेता पुष्पांशु खले ने उपस्थित इंदौर के दर्शकों का आभार व्यक्त किया और कहा कि यह फिल्म हंसी-मजाक से परिपूर्ण परिवार के साथ देखने लायक है।

## कल मनसा देवी मंदिर में होगा प्रसाद वितरण

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** सावन माह में मां मनसा देवी मंदिर में भगवती कृपा ग्रुप द्वारा कल सावन के पहले सोमवार को भगवान को भोग अर्पित किया जाएगा और फिर श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण किया जाएगा। कैलाशचंद्र श्रीवास्तव, हरीश राठौर ने उक्त जानकारी दी।

## विद्यार्थियों को मिला नवाचार चुनने का संदेश



**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** चरित्र को प्रमाणपत्रों से और नवाचार को रटंत शिक्षा से ऊपर रखने के सशक्त संदेश के साथ प्रेस्टीज इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड रिसर्च डीम्ड-टू-बी यूनिवर्सिटी के दीक्षारम्भ सेरेमनी- में वक्ताओं ने नवप्रवेशित स्नातक एवं स्नातकोत्तर विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे कृत्रिम बुद्धिमत्ता (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) और तकनीकी बदलावों के इस दौर में उद्देश्य, ईमानदारी और जिज्ञासा के साथ ज्ञान अर्जित करें। कक्षा में संगीत रचो, शोर नहीं', पीआईएमआर डीम्ड यूनिवर्सिटी के फाउंडिंग बैच को सफलता से अधिक मूल्य, जिज्ञासा और नवाचार चुनने का संदेश दिया गया।

## रामद्वारा में जारी चातुर्मास प्रवचन

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** रामद्वारा छत्रीबाग में 23 अक्टूबर तक चलने वाले चातुर्मास में रामस्नेही संप्रदाय के संत हर्षराम महाराज सार्थक प्रवचन दे रहे है। रामस्नेही भक्त 90 वर्ष पुरानी चातुर्मास प्रवचन की परम्परा को रसपान लेकर सुन रहे है। देवेन्द्र मुछाल, लक्ष्मी कुमार मुछाल, रामसहाय विजयवर्गीय, रामनिवास मोड़, गिरधर नीमा, हेमंत काकाणी, वासुदेव सोलंकी, भूरा पहलवान, प्रो दिलीप जोशी, घनश्याम पोरवाल मौजूद थे।



## स्वच्छता पखवाड़े का आयोजन

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** एमएसएमई विकास कार्यालय में स्वच्छता पखवाड़े का आयोजन कर समापन भी किया गया। इस दौरान अधिकारी और कर्मचारियों ने कार्यालय में सफाई अभियान चलाया और पौधारोपण भी किया गया। नीरज अरोडा, गौरव गोयल, वेंकटाचलम टी. ने अपनी भूमिका निभाई।

## बाल संस्कार शिविर आज दोपहर

**न्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** एयरपोर्ट रोड स्थित दिवाकर दरबार, नरसिंह वाटिका में आज रविवार दोपहर 2 बजे से 4 बजे तक बाल संस्कार शिविर का आयोजन किया जाएगा। यह शिविर चातुर्मास हेतु विराजित अनुष्ठान आराधिका महासती डॉ. कुमुदलता म.सा. के पावन सान्निध्य में संपन्न होगा। यहां बच्चों को पुरस्कार भी दिए जाएंगे। इस शिविर में हर समाज और धर्म के बच्चे शामिल होंगे। डॉ. स्वप्निल कोठारी जीवन का आधार संस्कार विषय पर विशेष सत्र में उदबोधन देंगे। शिविर में बच्चों को संस्कार, स्वाध्याय, प्रार्थना, भजन और नैतिक शिक्षा दी जाएगी। शिविर में भाग लेने वाले सभी बच्चों को प्रोत्साहन पुरस्कार देकर सम्मानित किया जाएगा। सुशीला जैन, अन्तिम जैन पोरवाल, घनश्याम जैन, दक्षा कपासी,विमल तातेड, अशोक मंडलीक, गजेन्द्र तातेड,गजेन्द्र बोड़ाना, स्वप्निल संचेती, गर्वित बोड़ाना, रोहित जेलमी, हनी चोरड़िया सहित महावीर जैन, महेन्द्र जैन, प्रतीक अंतिम जैन निहित रूपल जैन,दिव्येश जैन,अगस्त्य जैन, अलीशा जैन आयोजन से जुडे है।

# कावड़ यात्रा में मालवीय रजक समाजजन रहे मौजूद

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** मालवीय रजक समाज संत गाडगे बाबा पैनल द्वारा बोल बम कावड़ यात्रा निकाली गई, जिसमें सैकडों मातृशक्तियों के साथ पुरुषों ने भी आस्था की कावड़ उठाई। यह यात्रा श्री राम मंदिर कोयला बाखल से शुरू होकर बाबा महाकाल उज्जैन पहुंचेगी और वहां महाकाल बाबा का अभिषेक किया जाएगा। अनिल बारिया, ऋषभ बंजारा,संजय नरिया ने बताया कि कावड यात्रा में बोल बम के जयकारे भी गूंज रहे है। यात्रा जब शुरू हुई तो मातृशक्तियों ने कीर्तन पर नृत्य भी किया। रास्ते में स्वागत भी हुआ। पूर्व विधायक आकाश विजयवर्गीय भी मौजूद रहे।



# धार भाजयुमो जिलाध्यक्ष को लेकर सुगबुगाहट तेज

## नए कप्तान के लिए संगठन ने तैयार किया सख्त फॉर्मूला...

### सामूहिक नेतृत्व और उम्र के पैमाने पर तय होगा नाम, दावेदारों ने तेज की लॉबिंग

**धार (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि नितिन राठौर)।** भारतीय जनता युवा मोर्चा के नए जिला कप्तान की नियुक्ति को लेकर धार जिले के राजनीतिक गलियारों में हलचल और सुगबुगाहट बेहद तेज हो गई है,अब सभी की निगाहें युवा मोर्चा की कमान पर टिकी हैं। संगठन स्तर पर नए चेहरों को आगे लाने और आगामी चुनावों के मद्देनजर युवा वोट बैंक को साधने के लिए कवायद शुरू कर दी गई है। सूत्रों के मुताबिक, भाजयुमो के प्रादेशिक नेतृत्व ने साफ कर दिया है कि इस बार जिला अध्यक्षों की ताजपोशी किसी एक नेता की पसंद पर न होकर सामूहिक नेतृत्व के आधार पर होगी। संगठन ने इसके लिए एक सख्त फॉर्मूला और कई पैरामीटर्स तय किए हैं, जिन पर खरा उतरने वाले युवा नेता को ही जिले की कमान सौंपी जाएगी।

इस बार की नियुक्तियों में सबसे बड़ा पेंच उम्र सीमा को लेकर फंस रहा है। संगठन द्वारा तय की गई सख्त आयु सीमा के कारण कई पुराने और रसूखदार दावेदार इस रेस से बाहर होते नजर आ रहे हैं। इस बदलाव ने पार्टी के ऊर्जावान और जमीनी स्तर पर सक्रिय नए युवा चेहरों के लिए रास्ते खोल दिए हैं, जिससे जिले में नए समीकरण बन रहे हैं। सूत्रों बताते हैं कि धार नगर भाजपा से लिए अंकित भावसार, देवेंद्र रावल और लव प्रजापति का नाम पैनेल मे शामिल बताया जा रहा है, वही भाजयुमो प्रदेश उपाध्यक्ष जय सूर्या अपने चहेते मित्रों अजित जैन, कपिल यादव और गौरव रघुवंशी के लिए जोर आजमाईश कर रहे हैं, जिन्हे भाजयुमो प्रदेश महामंत्री जैन का सहयोग भी प्राप्त है। सूत्रों की माने तो वहीं एक अन्य दावेदार जन भागीदारी अध्यक्ष का भ्रष्टाचार संबधित फाइले भोपाल पर पहुँचने से उनका नाम पैनेल से कट गया है, उक्त भ्रष्टाचारी अध्यक्ष अब जिले महामंत्री बनने के लिए सांठगांठ कर रहे है। बात करे ग्रामीण की तो वहां से ऋषभ पाटनी, विश्वास सिंह चौहान और उज्ज्वल के नाम पैनेल में बताए जा रहे हैं। चूंकि मुख्य भाजपा संगठन ने धार जिले की कमान पहले ही धार नगर में महंत नीलेश भारती और धार ग्रामीण में चंचल पाटीदार को सौंपकर दो हिस्सों में बांट रखी है, इसलिए युवा मोर्चा में भी भौगोलिक और जातीय संतुलन बैठाना संगठन के लिए बड़ी चुनौती है, जिले के वरिष्ठ मंत्रियों, विधायकों और पूर्व जन-प्रतिनिधियों ने अपने-अपने चहेते समर्थकों के नामों को आगे बढ़ाने के लिए भोपाल और इंदौर स्तर पर लॉबिंग तेज कर दी है। जिला स्तर पर संभावित दावेदारों के नामों का पैनल तैयार करने के लिए गुप्त बैठकों का दौर पूरा हो चुका है। माना जा रहा है कि प्रदेश संगठन की हरी झंडी मिलते ही धार भाजयुमो के नए जिलाध्यक्ष के नाम का आधिकारिक ऐलान जल्द ही कर दिया जाएगा। फिलहाल किसे मिलेगा धार का ताज इसे लेकर कयासों का बाजार गर्म है।



# इसी माह 71 लाख खर्च कर बनेगी नई सड़क

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट)।** विधानसभा 5 के अंतर्गत वार्ड क्रमांक 51 से जुड़े क्षेत्र में पवित्र श्रावण मास में शिवनगर मेनरोड से क्षेत्र के शिव मंदिर तक के बड़े हिस्से में क्षेत्र के रहवासियों को बड़ी राहत देने के लिए जल्द सड़क निर्माण कार्य का शुभारम्भ करने की तैयारी शुरू हो गई है। बताया जा रहा है कि बेहद जल्द आने वाले दिनों में क्षेत्रीय विधायक महेंद्र हार्डिया और वार्ड 51 के पार्षद मलखान सिंह कटारिया के प्रयासों से निगम द्वारा क्षेत्र के रहवासियों की मांग पर वार्ड 51 में एक और नई सड़क निर्माण कार्य की शुरुआत कर नई सड़क की सौगात देने की तैयारी है। जिसको लेकर हाल ही में निविदा भी जारी हो गई है। यही नहीं अब अगले माह बेहद जल्द 15 अगस्त के बाद निर्माण कार्य भी शुरू होने वाला है। बताया जा रहा है कि जिसको लेकर निगम की ओर से तमाम प्रक्रिया और तैयारी भी शुरू हो गई है।

**रक्षाबंधन से पहले होगा निर्माण कार्य शुरू–**क्षेत्रीय पार्षद मलखान सिंह कटारिया ने बताया सावन मास में क्षेत्र के रहवासियों और शिव भक्तों के लिए आने वाले दिनों में बेहद जल्द लगभग 70 लाख रुपए से ज्यादा की लागत से नई चमचमाती सीमेंट कांक्रीट सड़क की सौगात देने की तैयारी शुरू हो गई है। जिसका क्षेत्र के रहवासियों को लंबे समय से इन्तजार था। बारिश के दिनों में शिव नगर क्षेत्र की यह सड़क बारिश के पानी और कीचड़ के कारण लोगों के चलने लायक नहीं रहती। खासकर क्षेत्र के औद्योगिक क्षेत्र में उबड़-खाबड़ सड़क होने से कई दिनों तक बारिश का पानी जमा रहता है और गड्ढों के कारण आए दिन वाहन फंसने की शिकायत भी रहती है इसीलिए लोगों की लगातार मांग और सुरक्षा और जरूरत को ध्यान में रखते हुए इस सड़क की मंजूरी मिल गई है। यही नहीं अब अगले माह में बेहद जल्द काम भी शुरू हो जाएगा।

## विश्व स्तनपान सप्ताह शुरू

# युवा पीढ़ी और स्तनपान की कई चुनौतियां

**इंदौर।** माँ का दूध शिशु के लिए प्रकृति का सबसे संपूर्ण और सुरक्षित आहार माना जाता है। जन्म के तुरंत बाद मिलने वाला पीला गाढ़ा दूध, जिसे कोलोस्ट्रम कहा जाता है, नवजात के लिए प्रथम टीके के समान कार्य करता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन और यूनिसेफ भी जन्म के पहले छह महीनों तक केवल स्तनपान कराने तथा दो वर्ष या उससे अधिक समय तक पूरक आहार के साथ स्तनपान जारी रखने की सलाह देते हैं। इसके बावजूद आधुनिक युवा पीढ़ी के सामने स्तनपान से जुड़ी अनेक चुनौतियाँ उभरकर सामने आ रही हैं।

आज का जीवन तेज गति, व्यस्त दिनचर्या और बढ़ती प्रतिस्पर्धा से भरा हुआ है। युवा माताएँ शिक्षा, करियर और परिवार की जिम्मेदारियों के बीच संतुलन बनाने का प्रयास करती हैं। प्रसव के कुछ ही महीनों बाद नौकरी पर लौटने की आवश्यकता के कारण कई बार स्तनपान की निरंतरता प्रभावित होती है। कार्यस्थलों पर स्तनपान कक्ष, दूध संग्रहण की सुविधा और मातृत्व के अनुकूल वातावरण का अभाव भी एक बड़ी समस्या है। सोशल मीडिया और बदलती जीवनशैली का प्रभाव भी स्तनपान की आदतों पर पड़ रहा है। कई युवा माताएँ शरीर की बनावट में परिवर्तन या सौंदर्य संबंधी धारणाओं के कारण स्तनपान को लेकर संकोच महसूस करती हैं। इंटरनेट पर उपलब्ध अपूर्ण या भ्रामक जानकारी भी भ्रम पैदा करती है। कुछ लोग यह मान लेते हैं कि फार्मूला दूध माँ के दूध का पूर्ण विकल्प है, जबकि वैज्ञानिक शोध से स्पष्ट रूप से जानकारी मिलती है कि माँ के दूध में ऐसे पोषक तत्व, एंटीबॉडी और जैव सक्रिय घटक होते हैं जिन्हें कृत्रिम रूप से पूरी तरह तैयार नहीं किया जा सकता। दूध पिलाते समय माँ और बच्चे के बीच त्वचा से त्वचा का छूना (स्किन टू स्किन कॉन्टैक्ट) से जो संबंध में गहराई स्थापित होती है उसका विशेष महत्व है। इससे नवजात शिशु को भावनात्मक सुरक्षा भी मिलती है और माँ के शरीर में दूध का उत्पादन भी बढ़ता है।

परिवार का बदलता स्वरूप भी एक चुनौती है। पहले संयुक्त परिवारों में नई माताओं को दादी-नानी और अन्य अनुभवी महिलाओं का मार्गदर्शन मिल जाता था। आज अधिकांश परिवार एकल हो गए हैं, जिसके कारण युवा माताएँ स्तनपान संबंधी समस्याओं से जूझ रही है। जैसे दूध कम बनना, बच्चे का सही तरीके से दूध न पीना, स्तनों में दर्द या सूजन, दूध पिलाने के लिए मानसिक रूप से तैयार न हो पाना आदि का समाधान समय पर नहीं कर पातीं और गूगल पर हर समस्या का उत्तर खोज रही है। गूगल ज्ञान की तुलना अनुभवी माता से नहीं की जा सकती है। इसका नतीजा ये होता है कि वह छह महीने तक केवल अपना दूध न पिला कर के वैकल्पिक आहार की ओर बढ़ जाती हैं। मानसिक स्वास्थ्य भी एक महत्वपूर्ण पहलू है। प्रसव के बाद तनाव, चिंता और प्रसवोत्तर



अवसाद कई माताओं को प्रभावित करते हैं। पर्याप्त नींद न मिलना, घरेलू और सामाजिक अपेक्षाओं का दबाव , स्वयं के स्वास्थ्य की उपेक्षा, शारीरिक बदलावों को न संभाल पाना आदि स्तनपान की प्रक्रिया को कठिन बना सकते हैं। ऐसे समय में पति और परिवार का भावनात्मक सहयोग, माँ और बच्चे के लिए विशेष स्थान, उपयुक्त समय , आराम और स्वास्थ्य विशेषज्ञों जैसे स्तनपान विशेषज्ञ, स्त्री रोग विशेषज्ञ, आहार पोषण विशेषज्ञ आदि का मार्गदर्शन अत्यंत आवश्यक हो जाता है।

इसके अतिरिक्त, सार्वजनिक स्थानों पर स्तनपान को लेकर समाज में अभी भी झिझक और असहजता देखी जाती है। कई माताएँ बाहर जाने पर बच्चे को स्तनपान कराने में संकोच महसूस करती हैं। यह सामाजिक दृष्टिकोण भी स्तनपान को प्रभावित करता है। आवश्यकता इस बात की है कि स्तनपान को एक स्वाभाविक और सम्मानजनक प्रक्रिया के रूप में स्वीकार किया जाए। हर सार्वजनिक स्थान पर सुविधाजनक फीडिंग कॉर्नर्स बनाए जाय ताकि माताएं निसंकोच अपने बालकों को स्तनपान करा सके। इन चुनौतियों के समाधान के लिए व्यापक जनजागरूकता आवश्यक है। गर्भावस्था के दौरान ही स्तनपान संबंधी परामर्श दिया जाना चाहिए। कार्यस्थलों पर मातृत्व-अनुकूल नीतियाँ लागू की जानी चाहिए तथा परिवार के सदस्यों को भी इस विषय में संवेदनशील बनाया जाना चाहिए। स्वास्थ्यकर्मी, पोषण विशेषज्ञ और सामाजिक संगठन मिलकर युवा माता-पिता को सही जानकारी और सहयोग प्रदान कर सकते हैं।

यूनिसेफ के शोध आधारित आंकड़ों के अनुसार, पहले छह माह तक केवल स्तनपान कराने से डायरिया, निमोनिया, कुपोषण तथा शिशु मृत्यु के जोखिम में उल्लेखनीय कमी आती है। स्तनपान शिशु की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के साथ-साथ माँ के स्वास्थ्य के लिए भी लाभकारी है। स्तनपान केवल शिशु के पोषण का माध्यम नहीं है, बल्कि माँ और बच्चे के बीच भावनात्मक संबंध को भी मजबूत करता है। युवा पीढ़ी के सामने मौजूद चुनौतियों को समझकर यदि समाज, परिवार और संस्थाएँ मिलकर सहयोग करें, तो प्रत्येक बच्चे को जीवन की सर्वोत्तम शुरुआत मिल सकती है। स्वस्थ शिशु, स्वस्थ माँ और स्वस्थ समाज की नींव स्तनपान से ही मजबूत होती है। मध्यप्रदेश लंबे समय से देश के उन राज्यों में शामिल रहा है जहाँ शिशु एवं नवजात मृत्यु दर राष्ट्रीय औसत से अधिक रही है। यूनिसेफ ने भी राज्य में नवजात मृत्यु को एक प्रमुख चुनौती माना है। माँ और बच्चे के लिए यूनिसेफ और भारत सरकार द्वारा प्रमुख प्रयास किये गए हैं।

1. माँ अभियान (मदर एब्सोल्यूट अफेक्शन)के माध्यम से स्तनपान को बढ़ावा मिला है।
2. लक्ष्य कार्यक्रम के तहत प्रसव कक्षों में नवजात को जन्म के पहले घंटे में स्तनपान सुनिश्चित करने पर बल मिला है।
3. बेबी फ्रेंडली हॉस्पिटल इनिशिएटिव के माध्यम से अस्पतालों में स्तनपान समर्थक वातावरण का निर्माण किया गया है।
4. पोषण अभियान के अंतर्गत गर्भवती एवं धात्री माताओं को पोषण एवं स्तनपान संबंधी परामर्श दिया जाता है।
5. आई सी डी एस द्वारा सामुदायिक जागरूकता कार्यक्रम के तहत आशा एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं का प्रशिक्षण तथा प्रारंभिक स्तनपान एवं एक्सक्लूसिव ब्रेस्टफीडिंग के लिए व्यवहार परिवर्तन संचार टूल किट का निर्माण और प्रयोग किए गए है।

आवश्यकता है इसे शिशु के जन्म के बाद माँ के पहले गाढ़े पीले दूध को शिशु का पहला टीका मान लेने की और अपनी युवा धात्री महिलाओं को स्तनपान के लिए जागरूक बनाने की।

**– पूनम विशाल ज्वेल**
**आहार पोषण विशेषज्ञ**

## संपादकीय

### छह महीने की संवैधानिक सीमा के बाद भी मंत्री! बिहार सरकार से सुप्रीम कोर्ट का बड़ा सवाल

बिहार में नई सरकार बनने और दीपक प्रकाश के दोबारा मंत्री बनने की दलील भले दी जाए, लेकिन राजनीतिक नैतिकता की कसौटी पर इसे उचित नहीं ठहराया जा सकता। यह विचित्र विडंबना है कि संविधान में दर्ज जिन नियम-कायदों का पालन न केवल तकनीकी दृष्टि से, बल्कि नैतिकता की कसौटी पर भी जरूरी होना चाहिए, उन्हें ताक पर रखकर कई बार सरकारें अपनी सुविधा के मुताबिक तर्क गढ़ लेती हैं। बिहार में नीतीश कुमार के मुख्यमंत्री रहते राष्ट्रीय लोक मोर्चा के प्रमुख उपेंद्र कुशवाहा के बेटे दीपक प्रकाश को मंत्री बनाया गया था। मगर बीच में ही नीतीश कुमार ने इस्तीफा दे दिया और उसके बाद सम्राट चौधरी के नेतृत्व में गठित नई सरकार में दीपक प्रकाश को दोबारा मंत्री पद मिला। यों संविधान के अनुच्छेद 164(4) में यह प्रावधान है कि विधानसभा या विधान परिषद का सदस्य हुए बिना किसी को मंत्री बनाया जा सकता है, लेकिन छह महीने के भीतर उसे किसी एक सदन का सदस्य बनना होगा। दीपक प्रकाश के मामले में सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल कर यह सवाल उठाया गया है कि छह महीने के बाद भी विधानसभा या विधान परिषद का सदस्य नहीं बनने के बावजूद एक व्यक्ति को अगर मंत्री बनाए रखा जाता है, तो क्या इसे नैतिक और कानूनी दृष्टि से उचित माना जा सकता है? इस मामले पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने बिहार सरकार से पूछा है कि कोई मंत्री बिना चुने गए छह महीने से ज्यादा समय तक अपने पद पर कैसे बना हुआ है। अदालत ने साफ कहा कि यह पूरी तरह कानून का मामला है। इस संबंध में बिहार में नई सरकार बनने और दीपक प्रकाश के दोबारा मंत्री बनने की दलील भले दी जाए, लेकिन राजनीतिक नैतिकता की कसौटी पर इसे उचित नहीं ठहराया जा सकता। हालांकि करीब पच्चीस साल पहले पंजाब के इसी तरह के एक मामले में सुप्रीम कोर्ट ने साफ कहा था कि संविधान का अनुच्छेद 164(4) केवल एक बार अस्थायी छूट देता है। अदालत ने छह महीने पूरे होने के बाद बिना विधायक बने मंत्री बनाना संविधान के साथ छल माना था। अब बिहार में विधान परिषद से एक सदस्य के इस्तीफे के बाद नई तस्वीर बनाने की कोशिश हो रही है। मगर यह देखने की बात होगी कि सुप्रीम कोर्ट दीपक प्रकाश के मामले में क्या फैसला देता है। यह ध्यान रखने की जरूरत है कि किसी प्रावधान की धुंधली व्याख्या करके तात्कालिक लाभ तो उठा लिया जाता है, लेकिन इस क्रम में हुआ नुकसान दीर्घकालिक होता है।

# पुलिस का सरप्राइज सघन चेकिंग अभियान

## देर रात सड़कों पर उतरी पुलिस, 370 बदमाशों पर कार्रवाई, 138 शराबी वाहन चालक धराए






**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट**

शहर में अपराध और अपराधियों पर पूरी तरह अंकुश लगाने के उद्देश्य से इंदौर पुलिस कमिश्नरेट ने देर रात से सुबह तक सभी थाना क्षेत्रों में सरप्राइज सघन चेकिंग अभियान चलाया। पुलिस कमिश्नर संतोष कुमार सिंह के दिशा-निर्देशन में शहर के चारों जोन के डीसीपी, वरिष्ठ अधिकारियों और थाना प्रभारियों ने भारी पुलिस बल के साथ गुंडे-बदमाशों, नशेड़ियों और असामाजिक तत्वों पर कड़ा प्रहार किया। इस दौरान पुलिस ने सैकड़ों संदिग्धों और बदमाशों की चेकिंग करते हुए 370 से अधिक अपराधियों पर सख्त वैधानिक कार्रवाई की, जिससे शहर के आपराधिक तत्वों में हड़कंप मच गया।

विशेष चेकिंग अभियान के दौरान पुलिस ने वर्षों से फरार चल रहे अपराधियों पर नकेल कसते हुए 163 से अधिक वारंट तामील कराए। इनमें 51 स्थाई, 38 गिरफ्तारी और 74 जमानती वारंट शामिल हैं। वहीं शराब पीकर वाहन चलाने वाले और आमजन की जान जोखिम में डालने वाले 138 लापरवाह चालकों के खिलाफ धारा 185 मोटर व्हीकल एक्ट के तहत चालानी कार्रवाई की गई। इसके अलावा सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने वाले 11 लोगों और अवैध मादक पदार्थ का सेवन करने वाले एक आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया। एरोड्रम थाना पुलिस ने भी एक शातिर आरोपी को अवैध चाकू के साथ गिरफ्तार कर आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने आदतन अपराधियों, निगरानी बदमाशों, नकबजनों और चाकूबाजों को थानों में तलब कर उनसे डोजियर भरवाए। बदमाशों को रेड और येलो नोटिस जारी कर भविष्य में कोई भी अपराध न करने की सख्त हिदायत दी गई और बाकायदा अपराध छोड़ने की शपथ भी दिलवाई गई। कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस ने हॉटस्पॉट, शैडो एरिया और संवेदनशील इलाकों में बाइक पेट्रोलिंग के साथ-साथ ड्रोन कैमरों से भी निगरानी रखी। शहर के होटल, लॉज, ढाबों, रैन बसेरों और रेलवे स्टेशन व बस स्टैंड पर भी संदिग्ध गतिविधियों की गहन जांच की गई। पुलिस अधिकारियों ने गश्त के दौरान नागरिकों से जनसंवाद कर उन्हें साइबर क्राइम, महिला सुरक्षा और यातायात नियमों के प्रति जागरूक भी किया।

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कॉमनवेल्थ गेम्स पदक विजेताओं को दीं बधाई

**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने ग्लासगो कॉमनवेल्थ गेम्स- की पुरुष भाला फेंक (जेवलिन थ्रो) प्रतिस्पर्धा में नीरज चोपड़ा के रजत और यशवीर सिंह के कांस्य पदक तथा डेकाथलॉन इवेंट में तेजस्विन शंकर के कांस्य पदक जीतने पर बधाई और शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अपने संदेश में कहा कि खिलाड़ियों ने भारत का गौरव बढ़ाया है। खिलाड़ियों का अथक परिश्रम, अनुशासन, समर्पण और उत्कृष्ट प्रदर्शन करोड़ों युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत है। वहीं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश की बेटियां खेल के क्षेत्र में परचम लहरा रहीं हैं। ग्लासगो कॉमनवेल्थ गेम्स में महिलाओं की 57 किग्रा जूडो स्पर्धा में रजत पदक जीतने पर यामिनी मौर्य को बधाई और शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अपने संदेश में कहा कि यामिनी की उपलब्धियां प्रदेश के प्रत्येक युवा, विशेषकर बेटियों के लिए प्रेरणा स्त्रोत हैं।

## 15 दिवसीय 'पीएम स्वनिधि पखवाड़ा' शुरू

**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर्स आत्मनिर्भर निधि योजना देश के शहरी पथ विक्रेताओं को औपचारिक वित्तीय व्यवस्था से जोड़ने, स्वरोजगार को प्रोत्साहित करने तथा आर्थिक आत्मनिर्भरता को सुदृढ़ करने वाली एक महत्वपूर्ण पहल के रूप में स्थापित हुई है। योजना के माध्यम से पात्र पथ विक्रेताओं को चरणबद्ध ऋण, डिजिटल वित्तीय सेवाओं तथा लिंक्ड क्रेडिट कार्ड की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है, जिससे लाखों परिवारों की आजीविका सुदृढ़ हुई है। योजना के प्रभाव को और अधिक व्यापक बनाने तथा शेष पात्र पथ विक्रेताओं तक इसकी पहुँच सुनिश्चित करने के उद्देश्य से नगरीय विकास एवं आवास विभाग,द्वारा 15 अगस्त तक 'विशेष पीएम स्वनिधि पखवाड़ा' आयोजित किया जा रहा है। अभियान की थीम 'स्वनिधि से समृद्धि : आत्मनिर्भर शहरी मध्यप्रदेश की ओर' निर्धारित की गई है।

## व्यापार में निवेश के नाम पर धोखाधड़ी

**मुनाफे का झांसा देकर हड़पे रुपये, 3 साल बाद आरोपी पर केस दर्ज**

**इंदौर।** कनाड़िया थाना क्षेत्र में व्यापार में रकम निवेश कराने और उस पर मोटा मुनाफा देने का झांसा देकर धोखाधड़ी करने का मामला सामने आया है। शातिर आरोपी ने फरियादी को झांसे में लेकर उससे हजारों रुपये ऐंठ लिए और बाद में रकम का गबन कर लिया। घटना के करीब 3 साल बाद पुलिस ने प्राथमिक जांच पूरी करते हुए आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का आपराधिक प्रकरण दर्ज कर लिया है। पुलिस के अनुसार, काउंटी वॉक कॉलोनी झालरिया रोड निवासी फरियादी अनल पिता कृपाकृष्ण ने थाने में धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। फरियादी के मुताबिक, यह वारदात 23 मई 2023 को हुई थी। आरोपी अजय शर्मा निवासी श्रीकृष्ण एवेन्यू फेस-03, लिंबोदी ने उनसे मुलाकात की और व्यापार में पैसे लगाने पर अच्छे रिटर्न का लालच दिया। आरोपी की बातों में आकर फरियादी ने उसे एक बड़ी रकम सौंप दी। रकम हासिल करने के बाद आरोपी अजय शर्मा ने न तो फरियादी को कोई मुनाफा दिया और न ही उनके मूल पैसे वापस लौटाए। आरोपी ने अपने निजी व अवैध लाभ के लिए पूरी राशि का गबन कर लिया। पीड़ित द्वारा लगातार चक्कर काटने के बाद भी जब पैसे नहीं मिले, तो उन्होंने पुलिस की शरण ली।

## सब्जी मंडी में लघुशंका करने पर विवाद

**डंडे और चाकू से हमला, दोनों पक्षों पर केस दर्ज**

**इंदौर।** द्वारकापुरी थाना क्षेत्र अंतर्गत सब्जी मंडी में दुकान के सामने लघुशंका करने जैसी मामूली बात को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ गया कि आरोपियों ने एक युवक पर डंडे और चाकू से जानलेवा हमला कर दिया। घटना में पीड़ित घायल हो गया। मामले में दूसरे पक्ष की ओर से भी मारपीट की रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। द्वारकापुरी पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायतों के आधार पर क्रास केस दर्ज कर आगे की वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी है। द्वारकापुरी पुलिस के अनुसार, यह वारदात फूटी कोठी रोड पर श्रीकृष्ण सॉलिटियर के सामने सब्जी मंडी में घटित हुई। पहले पक्ष की ओर से गुरु शंकर नगर निवासी फरियादी अंतिम पिता रामप्रताप सोनी की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी मोहित बर्मन, छोटू बर्मन उर्फ राहुल, कालू निवासी द्वारकापुरी और राजू निवासी स्कीम नंबर 71 झुग्गी-झोपड़ी के खिलाफ मामला दर्ज किया है। फरियादी अंतिम सोनी ने पुलिस को बताया कि वह सब्जी मंडी के पास लघुशंका के लिए रुका था, तभी आरोपियों ने उससे विवाद करना शुरू कर दिया और अकारण गालियां देने लगे। जब उसने गाली देने से मना किया, तो आरोपियों ने लामबंद होकर मारपीट शुरू कर दी और डंडे व चाकू से हमला कर उसे घायल कर दिया। आरोपी जाते-जाते उसे जान से मारने की धमकी भी देकर गए। वहीं दूसरे पक्ष से फरियादी राहुल पिता नरेश बर्मन, निवासी द्वारकापुरी की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी अंतिम सोनी के खिलाफ केस दर्ज किया है। फरियादी राहुल ने पुलिस को दिए बयानों में बताया कि आरोपी अंतिम सोनी ने विवाद करते हुए अकारण गाली-गलौज की और मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी।

## शराब पीने से टोका तो कलयुगी बेटे ने बुजुर्ग पिता पर बरसाए डंडे

***हाथ पर मार कर किया लहूलुहान, आरोपी पर केस दर्ज***

**इंदौर।** राजेंद्र नगर थाना क्षेत्र स्थित आनंद नगर में शराब के नशे में धुत बेटे ने अपने ही बुजुर्ग पिता के साथ गाली-गलौज करते हुए डंडे से हमला कर दिया। पिता का कसूर सिर्फ इतना था कि उन्होंने बेटे को देर रात शराब पीकर घर आने पर टोका था। हमले में बुजुर्ग के हाथ पर गंभीर चोट आई और खून बहने लगा। पीड़ित पिता की शिकायत पर राजेंद्र नगर थाना पुलिस ने आरोपी बेटे के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, आनंद नगर निवासी 60 वर्षीय फरियादी जगदीश पिता फतेसिंह राठौर ने थाने में पहुंचकर अपने बेटे के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। फरियादी ने बताया कि कल रात करीब 11 बजे उनका बेटा कुंदन सिसोदिया अत्यधिक शराब पीकर घर लौटा था। जब फरियादी ने उससे पूछा कि तुम इतनी शराब पीकर क्यों आए हो, तो आरोपी कुंदन अपना आपा खो बैठा और अपने पिता को ही गालियां देने लगा। जब बुजुर्ग पिता ने गाली-गलौज करने से मना किया और शांत रहने को कहा, तो आरोपी कुंदन और आक्रोशित हो गया। उसने पास ही पड़ा एक भारी डंडा उठाया और अपने पिता पर हमला कर दिया। डंडे का वार फरियादी के बाएं हाथ पर लगा, जिससे उन्हें गंभीर चोट आई और खून निकलने लगा। शोर-शराबा सुनकर आसपास के लोगों के बीच-बचाव करने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देकर वहां से चला गया। राजेंद्र नगर थाना पुलिस ने पीड़ित बुजुर्ग जगदीश राठौर की शिकायत पर आरोपी बेटे कुंदन सिसोदिया के खिलाफ मामला दर्ज कर वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

# पहले दिन रोमांचक मुकाबलों में वरीय खिलाड़ियों का दबदबा

**इंदौर।** इंदौर जिला बैडमिंटन संघ द्वारा आयोजित रूसी पुनेगर स्मृति इंदौर जिला सीनियर बैडमिंटन चैंपियनशिप-2026 का शुभारंभ शनिवार को नेहरू स्टेडियम स्थित बैडमिंटन हॉल में हुआ। प्रतियोगिता का उद्घाटन मध्य प्रदेश की पूर्व राज्य विजेता बैडमिंटन खिलाड़ी चित्रा मोघे (गोलवलकर) ने किया।

विशिष्ट अतिथियों के रूप में सुधीर वर्मा, सीमा भंडारी, विमल सिंग गोआरवत ,प्रकाश धाकड़,श्वेतांग वर्मा, रेखा गोलवलकर, अनिल भंडारी, आर पी सिंग नैय्यर एवं मनोज बापना उपस्थित थे। अतिथि सम्मान समारोह में प्रतियोगिता के प्रायोजक विमल सिंग घोरावत तथा सह-प्रायोजक प्रकाश धाकड़ का विशेष सम्मान किया गया। कार्यक्रम का संचालन सुधांशु व्यास ने किया।

पहले दिन पुरुष एकल के पहले दौर के पुरुष एकल वर्ग के मुकाबलों में सार्थक यादव ने जनमेश पाटीदार को 15-7, 15-3, भारत खत्री ने दिव्यांक गुप्ता को 15-0, 15-8, चंद्रकांत विश्वकर्मा ने अर्नव गौर को 15-13, 15-11, शोभित गुप्ता ने जलज शर्मा को 15-6, 15-7, वीर खरे ने यश वर्मा को 15-7, 15-10, प्रतीक शिवहरे ने सार्थक होलकर को 15-9, 15-4, स्वदेश पाटिल ने आशुतोष भट्ट को 16-14, 16-14 तथा प्रणय सोनी ने अनुज कुमार यादव को 17-15, 15-12 से पराजित किया।




अन्य पुरुष एकल वर्ग के मुकाबलों में आदित्य दुबे ने अर्नव पवार को 15-8, 15-11, शौर्य अग्रवाल, जय सोनी, गुणीत पाटिल, शोभित गुप्ता, अर्नव पटेल एवं शौर्य प्रताप ने वॉकओवर से जीत दर्ज की। आश्मान बैरागी ने जिनेंद्र चौहान को 10-15, 13-15, 15-13, 15-12, हिमांशु मुंगेलवाल ने अनंत जैन को 15-6, 15-8, राहुल जाखर ने जसकीरत सिंह को 15-13, 18-16, अनय कृष्ण बिनजू ने सक्षम गुप्ता को 15-6, 15-6, तथा चिन्मय अग्रवाल ने दुष्यंत मेहता को 15-13, 15-7 से हराकर अगले दौर में प्रवेश किया।

दूसरे दौर पुरुष एकल वर्ग में पर्व अग्रवाल ने साई कृष्णा को 15-0, 15-3, अवनीश नेकीये ने कुशाग्र अहिरवार को 15-11, 15-10, प्रणय सोनी ने हीत गुप्ता को 11-15, 15-10, 15-12, प्रतीक शिवहरे ने आयुष धावने को 15-7, 15-4, गौरव यादव ने आश्मान बैरागी को 13-15, 15-10, 15-11, सिद्धेश पाटिल ने वैराज पांचाल को 15-4, 15-2, सार्थक यादव ने विश्वेश्वर चौहान को 17-15, 15-13, ऑस्टिन नथानियल ने देवेश राठौर को 15-12, 15-11, लक्ष्य सिंह चौहान ने शौर्य अग्रवाल को 15-6, 15-2, तथा आशुतोष बिनानी ने रोहित गुर्जर को 15-6, 15-1 से जीत दर्ज की।

वरीय खिलाड़ियों ने भी अपनी श्रेष्ठता सिद्ध की। शीर्ष वरीय कन्हैया शर्मा ने दीपक पवार को 15-11, 15-11, हिमांशु नेकीये ने गौरव सिंह को 16-14, 10-15, 15-10, आदित्य शुक्ला ने मानव बारोड को 16-14, 14-16, 15-13, गौरव परमार ने गुरमन सिंह को 15-13, 5-15, 15-8, जबकि उत्कर्ष धीमान ने राहुल जाखर को 15-8, 15-13 से पराजित कर अगले दौर में प्रवेश किया।

मानद सचिव श्री आर. पी. एस. नय्यर ने बताया कि प्रतियोगिता के दूसरे दिन रविवार प्रातः 10:30 बजे से पुरुष एवं महिला एकल, पुरुष युगल, महिला युगल तथा मिश्रित युगल वर्ग के मुकाबले नेहरू स्टेडियम स्थित बैडमिंटन हॉल में खेले जाएंगे।

# ग्लास्गो में दिखेगी अहमदाबाद की झलक कॉमनवेल्थ गेम्स की क्लोजिंग सेरेमनी आज

**ग्लासगो।** कॉमनवेल्थ गेम्स 2030 की मेजबानी करने की अहमदाबाद की तैयारी रविवार को आधिकारिक रूप से शुरू होगी। ग्लास्गो में चल रहे कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 की क्लोजिंग सेरेमनी के दौरान अहमदाबाद को कॉमनवेल्थ गेम्स का झंडा और मेजबान बैटन मिलेगा। इसके लिए गुजरात के उपमुख्यमंत्री हर्ष संघवी ग्लास्गो कॉमनवेल्थ गेम्स में मौजूद हैं। क्लोजिंग सेरेमनी के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ, कॉमनवेल्थ गेम्स का झंडा और मेजबान बैटन आधिकारिक रूप से अहमदाबाद के प्रतिनिधियों को सौंपे जाएंगे। कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 की क्लोजिंग सेरेमनी भारत में 3 अगस्त को रात एक बजकर 30 मिनट पर शुरू होगी।

हैंडओवर सेरेमनी में ग्लास्गो के दर्शकों को अहमदाबाद 2030 का पहला प्रीव्यू भी दिखाया जाएगा, जिसमें भारत की सांस्कृतिक विरासत और गुजरात की पहचान को दिखाने वाला एक कार्यक्रम होगा। सेरेमनी की एक खास बात किंग्स बैटन रिले है, जो कॉमनवेल्थ गेम्स की सबसे पुरानी परंपराओं में से एक है। कॉमनवेल्थ स्पोर्ट के मुताबिक, यह रिले सभी 74 कॉमनवेल्थ देशों और इलाकों से होकर गुजरेगी। गेम्स के इतिहास में पहली बार, हर हिस्सा लेने वाले देश और इलाके को अपना बैटन मिलेगा, जिससे हर जगह अपनी संस्कृति, विरासत और रचनात्मकता को दिखाया जा सकेगा। हर बैटन पर यूके के राजा चार्ल्स तृतीय का एक संदेश होगा, जो रिले में शुरुआती संदेश देते हैं। बैटन को समाज में अच्छे योगदान देने वाले लोग ले जाते हैं, और आखिर में बैटन गेम्स से पहले मेजबान शहर पहुंचता है। किंग्स बैटन रिले पहली बार 1958 में कार्डिफ में हुए कॉमनवेल्थ गेम्स में शुरू की गई थी।

## ऋषभ रिखीराम शर्मा परफॉर्म करेंगे

ग्लास्गो हैंडओवर सेगमेंट को तीन हिस्सों में डिजाइन किया गया है। ओपनिंग एक्ट 'वंदे मातरम' की 150वीं सालगिरह मनाएगा। इसके बाद सितार वादक ऋषभ रिखीराम शर्मा और स्कॉटिश पाइपर रॉस आइंस्ली की क्लासिकल इंडियन 'जुगलबंदी' होगी, जो ग्लास्गो 2026 और अहमदाबाद 2030 के बीच कनेक्शन को दिखाएगी। आखिरी सेगमेंट में पूरे भारत की एक विजुअल यात्रा दिखाई जाएगी, जिसमें गुजरात पर खास फोकस होगा। महोन ने कहा कि ग्लास्गो में दर्शकों को अहमदाबाद 2030 कॉमनवेल्थ गेम्स की पहली झलक मिलेगी। ग्लास्गो 2026 के सेरेमनी डायरेक्टर, चंदा सिंह ने कहा कि कार्यक्रम को एक ऐसे भारत को दिखाने के लिए डिजाइन किया गया है जो अपनी परंपराओं से गहराई से जुड़ा हुआ है और आत्मविश्वास से भरा है। कॉमनवेल्थ गेम्स की शुरुआत 1930 में कनाडा के हैमिल्टन शहर में हुई थीं। अहमदाबाद में आयोजित होने वाला कॉमनवेल्थ गेम्स 2030 ,गेम्स का 100वां वर्ष होगा।

# खिलाड़ियों का चमकदार प्रदर्शन, पदक तालिका में चौथे स्थान पर पहुंचा भारत

## एक दिन में 16 मेडल, टैली में 6 स्थान की छलांग

**ग्लास्गो ।** कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 में शनिवार का दिन भारत के लिए अब तक का सबसे शानदार दिन साबित हुआ। भारतीय खिलाड़ियों ने एक ही दिन में 16 पदक जीतकर पदक तालिका में लंबी छलांग लगाई और चौथे स्थान पर पहुंच गए। भारत की इस सफलता में सबसे बड़ा योगदान मुक्केबाजों का रहा। भारतीय बॉक्सरों ने रिंग में शानदार प्रदर्शन करते हुए 7 गोल्ड और 3 सिल्वर मेडल अपने नाम किए। बॉक्सिंग के अलावा भारत को पैरा एथलेटिक्स, एथलेटिक्स और जूडो में भी पदक मिले। इन शानदार प्रदर्शनों के बाद भारत के कुल पदकों की संख्या 39 हो गई है, जिसमें 13 गोल्ड के अलावा 17 सिल्वर और 9 ब्रॉन्ज हैं।



### *बॉक्सिंग के अलावा इन खेलों में भी मेडल*

*पैरा एथलेटिक्स के पुरुष शॉट पुट F57 में भारत ने गोल्ड और सिल्वर जीता। सोमन राणा ने गोल्डन थ्रो किया तो शुभम जुयाल दूसरे नंबर पर रहे। वहीं पुरुष ट्रिपल जंप में प्रवीण चित्रावेल ने सिल्वर जबकि सेल्वा प्रभु ने ब्रॉन्ज मेडल जीता। उन्नति शर्मा ने जूडो में ब्रॉन्ज अपने नाम किया तो गुलवीर सिंह ने 5000 मीटर रेस में ब्रॉन्ज पर कब्जा जमाया।*

भारतीय मुक्केबाजों ने पूरे दिन शानदार प्रदर्शन किया और 7 गोल्ड जीतकर देश को पदक तालिका में ऊपर पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई। बॉक्सिंग में मिले 10 पदकों ने भारत के अभियान को नई ऊंचाई दी। एक दिन का खेल बाकी रहते हुए भारत अब पदक तालिका में चौथे स्थान पर पहुंच चुका है। भारत से आगे केवल ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड और कनाडा हैं।



# रफी के गीतों की प्रस्तुति

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** मैलोडियस म्यूजिकल ग्रुप ने पार्श्व गायक मोहम्मद रफी की पुण्यतिथि अवसर पर प्रेस क्लब में संगीतमय संध्या का आयोजन किया। नरेश बिरथरे, गुरमतिसिंह होरा, राजेन्द्र पंवार, पीवीएलएन राव, वीरेन्द्र भाटी, मनोज खरे, राजीव सावनेर, राजेन्द्र गोदले, जितेन्द्रसिंह पाल, उमा राव मंडोले, महेश शर्मा, मुकुल हिंगोले, रमेश प्रजापत, गोपाल पांचाल, चंदा कुंडलवाल, गोविंद दुबे, एचएस राजपाल, सुनील पटेल, कविता शाह ने गायन से लेकर सहयोग तक में भूमिका निभाई।

# कवि गोष्ठी का आयोजन



**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** अखिल भारतीय स्टेट बैंक ऑफ़ इंडिया अधिकारी समन्वय समिति के सेवा प्रकोष्ठ ने कवि गोष्ठी का आयोजन किया। त्रिपुरारीलाल शर्मा, बालकराम शाद, ओमप्रकाश जोशी बब्बू, डॉ. इसरार खान, सुरेश उपाध्याय, बीएल तिवारी, सुरेश रायकवार ने प्रस्तुतियां दी और दाद बटोरी, डॉ. अशोक गर्ग ने गजल की प्रस्तुति दी। श्याम पाण्डे, सुबोध भौंसरकर, श्री जाटव, श्री कापड़नीस ने अपनी भूमिका निभाई।

# रोजगार मेला 'युवा संगम' कल लगेगा

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** जिला रोजगार कार्यालय द्वारा कल 3 अगस्त को एक दिवसीय 'युवा संगम' रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। यह रोजगार मेला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) परदेशीपुरा में सुबह 10:30 से दोपहर 3 बजे तक आयोजित होगा। मेले में युवाओं को रोजगार के साथ-साथ स्वयं का व्यवसाय प्रारंभ करने हेतु ऋण प्रक्रिया एवं विभिन्न शासकीय योजनाओं की जानकारी भी दी जाएगी। उप संचालक रोजगार श्री पी. एस. मंडलोई ने बताया कि मेले में अनेक प्रतिष्ठित कंपनियाँ भाग लेंगी। इन कंपनियों द्वारा 300 से अधिक रिक्त पदों पर भर्ती की जाएगी, जिसमें एसोसिएट, बैक ऑफिस एसोसिएट, एचआर इंटर्न, सेल्स ऑफिसर, रिलेशनशिप मैनेजर, एडमीन कोऑर्डिनेटर, वीडियो एडिटर, कसटमर सपोर्ट एग्जीक्यूटिव स्टिचिंग ऑपरेटर, प्रेस मैन, कटिंग ऑपरेटर, पैकिंग, एग्जीक्यूटिव लॉजिस्टिक्स, (ट्रेनी) जैसे (फिटर/टर्नर/मशीनिष्ट आदि) के विभिन्न पद शामिल है। इस रोजगार मेले में 18 से 35 वर्ष तक के ऐसे आवेदक भाग ले सकते हैं, जिनकी शैक्षणिक योग्यता 8वीं से लेकर स्नातकोत्तर, बी.फार्मा, आईटीआई एवं डिप्लोमा तक हो। इच्छुक अभ्यर्थियों को अपने समस्त शैक्षणिक प्रमाण-पत्र, बायोडाटा, आधार कार्ड एवं अन्य आवश्यक दस्तावेजों की प्रतियाँ साथ लाने की अपील की गई है।

# रसायन विज्ञान दिवस पर हुआ व्याख्यान, प्रदर्शनी भी लगी



**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** आचार्य प्रफुल्लचंद्र राय जयंती एवं राष्ट्रीय रसायन विज्ञान दिवस के अवसर पर किला भवन शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में भारतीय ज्ञान परम्परा प्रकोष्ठ एवं रसायन शास्त्र विभाग द्वारा विशेष व्याख्यान और विज्ञान माडल एवं प्रोजेक्ट प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। डॉ. ऋषिना नातू ने 'आचार्य प्रफुल्ल चंद्र राय का भारतीय विज्ञान एवं उद्योग में योगदान' विषय पर व्याख्यान देते हुए कहा कि आचार्य राय ने भारतीय वैज्ञानिक विरासत को आधुनिक रसायन विज्ञान और स्वदेशी उद्योगों से जोड़कर आत्मनिर्भर भारत की अवधारणा को मजबूत आधार प्रदान किया। उनका जीवन भारतीय ज्ञान परंपरा, वैज्ञानिक अनुसंधान, स्वावलंबन और राष्ट्रनिर्माण का प्रेरणादायी उदाहरण हैं। इस अवसर पर डॉ. बीडी श्रीवास्तव, डॉ. वीपी बैरागी, डॉ. नीलू मालवीय, अनिता सोलंकी, रोशनी यादव,अनिता पालने, आशिका यादव, निशा वर्मा, मोहसीन शेख, रोमजीन शेख, अनिता गदारिया, खुशी केलवा, सुचित्रा हरमलकर, नीलू मालवीय, ललिता गोयल, पल्लवी गुप्ता, नेहा गुप्ता, संध्या दावरे, विनीता ओसारी, गीता अटेरिया. पल्लवी गुप्ता मौजूद थे।

# एथलेटिक्स में गुलवीर सिंह ने ब्रॉन्ज जीतकर रचा इतिहास

**ग्लासगो ।** कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 में भारत के स्टार लॉन्ग-डिस्टेंस रनर गुलवीर सिंह ने इतिहास के पन्नों में अपना नाम दर्ज करा दिया है। शनिवार को पुरुषों की 5000 मीटर स्पर्धा के फाइनल में जबरदस्त टाइमिंग और जुझारूपन का प्रदर्शन करते हुए गुलवीर ने ब्रॉन्ज मेडल अपने नाम किया।

इस शानदार उपलब्धि के साथ ही गुलवीर कॉमनवेल्थ गेम्स के इतिहास में 5000 मीटर इवेंट में पदक जीतने वाले पहले भारतीय एथलीट बन गए हैं। इतना ही नहीं, वह कॉमनवेल्थ गेम्स के किसी एक ही सीजन में ट्रैक एंड फील्ड (एथलेटिक्स) के भीतर एक से अधिक पदक जीतने वाले पहले भारतीय खिलाड़ी भी बन चुके हैं।




### सेंकड के सौवें हिस्से से तय हुआ पदक

5000 मीटर के इस बेहद रोमांचक और थ्रिलर फाइनल मुकाबले में गुलवीर ने 13 मिनट 24.95 सेकंड का समय निकालकर तीसरा स्थान हासिल किया। पदक की इस रेस में मुकाबला कितना कड़ा था, इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि गुलवीर ने केन्या के दिग्गज धावक कॉर्नेलियस केम्बोई को सेकंड के महज 100वें हिस्से (0.04 सेकंड) के अंतर से पीछे छोड़कर कांस्य पदक पर कब्जा जमाया। इस इवेंट का गोल्ड मेडल केन्या के मैथ्यू किपसांग ने 13:23.61 की टाइमिंग के साथ जीता, जबकि ऑस्ट्रेलिया के काई रॉबिन्सन ने 13:24.70 का समय निकालकर रजत पदक अपने नाम किया।

### 10,000 मीटर में जीता था सिल्वर मेडल

ग्लासगो 2026 में गुलवीर सिंह का यह दूसरा पदक है। इससे पहले इसी सप्ताह की शुरुआत में उन्होंने पुरुषों की 10,000 मीटर स्पर्धा में 27 मिनट 49.78 सेकंड का समय निकालकर ऐतिहासिक सिल्वर मेडल अपने नाम किया था। वह कॉमनवेल्थ गेम्स की 10,000 मीटर रेस में पदक जीतने वाले भारत के पहले पुरुष खिलाड़ी भी बने थे। एक ही कॉमनवेल्थ गेम्स में दो-दो मेडल जीतकर गुलवीर ने भारतीय एथलेटिक्स को नई ऊंचाइयों पर पहुंचा दिया है। उनकी इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर पूरे देश में खुशी की लहर है।

# कोच इशिका और पुष्पेन्द्र एनआईएस कोर्स करेंगे




**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** कुश्ती के दो कोच इशिका बौरासी और पुष्पेन्द्र बौरासी को पटियाला के एनआईएस एक वर्ष का कोर्स करने के लिए भेजा गया है। यह दोनों कोच पूर्ण प्रशिक्षित होकर अब इंदौर के साथ अपने रामनाथ गुरु व्यायामशाला बड़ी ग्वालटोली के पहलवानों को भी प्रशिक्षित करेंगे। उक्त जानकारी ओमप्रकाश खत्री ने दी।

## सुमेध श्रीवास्तव दिल्ली में दिखाएंगे जौहर



**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** वर्ल्ड स्क्रीमा काली आर्निस फेडरेशन के तत्वावधान में दिल्ली के तालकटोरा में आयोजित 18 वीं वर्ल्ड चैंपियनशिप में ऑस्ट्रेलिया की केसी चोंग ने ट्रेडिशनल फॉर्म इवेंट में स्वर्ण पदक जीता। उक्त जानकारी मास्टर सईद आलम ने देते हुए बताया आज इन्दौर के सुमेध श्रीवास्तव पेडेड स्टिक इवेंट में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे।

## शाहीन अफरीदी की 6 मैचों में 10 से ज्यादा की इकोनॉमी से कुटाई, लीग छोड़ी

**नई दिल्ली ।** पाकिस्तान के तेज गेंदबाज शाहीन अफरीदी लंका प्रीमियर लीग में खेल रहे थे। वह कैंडी रॉयल्स की टीम का हिस्सा था। 26 साल के बाएं हाथ के बॉलर अफरीदी ने बीच में ही टूर्नामेंट को छोड़ने का फैसला किया है। अफरीदी ने इस फैसले के पीछे निजी कारण बताया है। लेकिन हकीकत यह भी है कि वह गेंदबाजी में बुरी तरह जूझ रहे थे। लंका प्रीमियर लीग 2026 में शाहीन अफरीदी ने 6 मुकाबले खेले। इसमें उन्होंने 22 ओवर डाले और 224 रन देकर 7 विकेट झटके। उनकी इकोनॉमी 10.18 की रही। पहले मैच में उन्होंने 3 ओवर में 41 रन दिए। दूसरे मैच में खेलने का मौका नहीं मिला। तीसरे मैच में 4 ओवर में 32 जबकि चौथे में 4 ओवर में 34 रन दिए। सिर्फ छठे मैच में उनका प्रदर्शन अच्छा रहा, जहां 27 रन देकर 3 शिकार किए। टीम के 7वें ओवर में 4 ओवर में 47 रन देने के बाद 8वें मैच में तो 3 ओवर में 43 रन कुटवा दिए। कोलंबो कैपिटल्स के खिलाफ मुकाबले में गलती से शाहीन अफरीदी को बेंच पर बैठना पड़ा। उन्हें मैच से पहले बताया गया कि वह इम्पैक्ट प्लेयर के रूप में खेलेंगे। लेकिन मैच शुरू होने के बाद कोच ने शाहीन अफरीदी को बताय की एनालिस्ट ने गलती से टीम सीट पर इम्पैक्ट प्लेयर के विकल्प में उनका नाम ही नहीं डाला है। इसके बाद अफरीदी नाराज हो गए और काफी बवाल हुआ। उन्होंने इसके लेकर लीग की एंटी करप्शन यूनिट में भी शिकायत की थी।

# मृदुल व आराध्या को खिताबी सफलता



**इंदौर ।** जिला टेबल टेनिस संगठन के तत्वावधान में सत्र की तृतीय इंदौर जिला रैंकिंग टेबल टेनिस स्पर्धा में बालक अंडर-17 आयु वर्ग का खिताब मृदुल पुरोहित ने जीत लिया। बालिका अंडर-17 आयु वर्ग में आराध्या राजपुत ने खिताबी सफलता अर्जित की।

बालक अंडर-17 आयु वर्ग में फायनल मुकाबलें में मृदुल ने रिदम गढिया को 3-0 से हराया। सेमीफायनल में मृदुल ने अर्थव सिंह को 3-1 से तथा रिदम ने मीत मिमरोट को 3-1 से परास्त किया।

बालिका अंडर-17 आयु वर्ग के फायनल मुकाबलें में आराध्या ने हिया पटेल को 3-1 से मात दी। सेमीफायनल में हिया ने अनिका माहेश्वरी को 3-0 से तथा आराध्या ने रीत इंगले को 3-0 से हराया।

महिला एकल वर्ग के प्रारंभिक दौर में हिया पटेल पे ख्वाईश मनवानी को 3-0 से, आन्या त्रिवेदी ने भाव्यांशी सोनी को 3-0 से, आरवी जैन ने नेहल नाहर को 3-0 से, भाग्यश्री दवे ने अनिका माहेश्वरी को 3-0 से, अक्षिता मित्तल ने सिद्धी भदौरिया को 3-0 से हराकर अगले दौर में जगह बनाई।

बालक अंडर-19 आयु वर्ग के शुरूवाती दौर के मुकाबलों में राघव राठोर ने अर्थव जैन को 3-0 से, मीत मिमरोट ने लक्ष्य भदौरिया को 4-1 से, रक्षत चावडा ने सम्यक लुनकड़ को 3-1 से, मुदल पुरोहित ने अर्णव सिंह को 3-0 से, समीर सैयद ने आर्जव पाठक को 3-1 से, अबु बकर ने प्रणय शाह को 3-0 से हराया।

वही बालिका अंडर-19 आयु वर्ग में आरवी जैन ने आन्या त्रिवेदी को 3-0 से, अनिका माहेश्वरी ने रीत इंगले को 3-1 से, भाग्यश्री दवे ने सिदीक्षा जैन को 3-0 से, अक्षिता मित्तल ने अनाया सेठिया को 3-0 से, नेहल नाहर ने ईशाना विश्वकर्मा वषिष्ठ को 3-0 से हराकर अगले दौर में प्रवेश किया।

# भारतीय बॉक्सरों ने 9 घंटे में जीते 7 गोल्ड और 3 सिल्वर

**ग्लासगो ।** कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 में शनिवार का दिन भारतीय खेल इतिहास में एक गोल्डन चैप्टर के रूप में दर्ज हो गया। भारतीय बॉक्सर्स ने रिंग के भीतर ऐसा पराक्रम दिखाया कि महज 9 घंटे के भीतर 10 में से 7 मुकाबलों में भारत का राष्ट्रगान गूंजा, जबकि 3 मुकाबलों में भारतीय मुक्केबाजों ने सिल्वर मेडल अपने नाम किया। ऐसे में आइए जानते हैं कि वे 10 रेसलर्स कौन-कौन से हैं।

**गोल्डन पंचों से गूंजा ग्लासगो-** रिंग में भारतीय मुक्केबाजों की शुरुआत से लेकर अंत तक पूरी तरह बादशाहत देखने को मिली। महिला मुक्केबाजों ने रिंग में अपने आक्रामक प्रदर्शन से विरोधियों को बैकफुट पर धकेल दिया। प्रीति पवार (54किग्रा), जैस्मीन लंबोरिया (57किग्रा) और साक्षी चौधरी (51किग्रा) ने अपने-अपने फाइनल मुकाबलों में 5-0 से एकतरफा जीत दर्ज कर विरोधी बॉक्सरों को धाराशायी कर दिया। उनके बाद प्रिया घांघस (60किग्रा) और अरुंधति चौधरी (70किग्रा) ने भी शानदार मुक्केबाजी का प्रदर्शन करते हुए भारत के गोल्डन रथ को आगे बढ़ाया। मेंस में सचिन सिवाच (60किग्रा) ने अंतिम



राउंड में नामीबियाई मुक्केबाज को नॉकडाउन देते हुए 3-2 से रोमांचक जीत हासिल की। वहीं दिन के आखिरी मुक्केबाजी फाइनल में अंकुश पंघाल (80किग्रा) ने इंग्लैंड के डिमेजी शिट्टू को 4-1 से परास्त कर भारत की झोली में मुक्केबाजी का 7वां गोल्ड मेडल डाल दिया।

**सिल्वर मेडल विजेताओं का भी रहा दमदार प्रदर्शन**

गोल्ड मेडल की चमक के बीच तीन भारतीय मुक्केबाजों ने अपने जुझारू खेल से देश का दिल जीता। ओलंपिक पदक विजेता लवलीना बोरगोहेन (75किग्रा) को बेहद करीबी और कड़े फाइनल में ऑस्ट्रेलिया की एम्मा-सू ग्रीनट्री से 1-4 से शिकस्त झेलकर सिल्वर मेडल से सन्तोष करना पड़ा। इसके अलावा जादुमणि सिंह (55किग्रा) और सुपर हैवीवेट वर्ग (90किग्राह) में नरेंद्र बेरवाल ने अपनी पूरी ताकत झोंकते हुए रजत पदक हासिल किया।

**मुक्केबाजी के इतर अन्य खेलों में भी बरसे मेडल-** शनिवार का दिन सिर्फ मुक्केबाजी तक ही सीमित नहीं रहा। पैरा एथलेटिक्स में सोमन राणा ने भारत को गोल्ड मेडल दिलाया, जबकि शुभम जुयाल ने शॉट पुट में सिल्वर मेडल जीता। एथलेटिक्स में प्रवीण चित्रवेल ने पुरुषों की ट्रिपल जंप स्पर्धा में शानदार प्रदर्शन करते हुए भारत के खाते में सिल्वर मेडल जोड़ा, तो वहीं जूडो के 63 किलो वर्ग में उन्नति शर्मा ने कांस्य पदक हासिल किया। इस ऐतिहासिक प्रदर्शन के बदौलत भारत ने बॉक्सिंग प्रतियोगिता में सभी देशों को पछाड़कर सर्वाधिक स्वर्ण पदक जीतने का गौरव हासिल किया है। भारत अब तक 13 स्वर्ण, 17 रजत और 8 कांस्य पदक सहित कुल 38 पदकों के साथ मेडल तालिका में चौथे स्थान पर पहुंच गया है।

# कानफोड़ू साइलेंसर और स्पीकरों पर चला रोलर






## ध्वनि प्रदूषण पर इंदौर पुलिस का बड़ा प्रहार, 101 मॉडिफाइड बुलेट और 25 हैंड स्पीकरों पर कार्रवाई

**इंदौर।** शहर में जनशांति बनाए रखने और कर्कश ध्वनि प्रदूषण पर लगाम लगाने के लिए कनाडिया थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने पिछले तीन महीनों के दौरान विशेष अभियान चलाकर जब्त किए गए 101 मॉडिफाइड बुलेट साइलेंसरों और 25 अवैध हैंड स्पीकरों को थाना परिसर में रखकर उन पर विधिवत रोड रोलर चलाकर पूरी तरह नष्ट कर दिया। कनाडिया पुलिस की इस सख्त कार्रवाई से मॉडिफाइड साइलेंसर लगाकर फर्राटा भरने वाले वाहन चालकों में हड़कंप मच गया है।

थाना कनाडिया पुलिस द्वारा विगत तीन माह से सार्वजनिक स्थानों और सड़कों पर तेज व कर्कश ध्वनि उत्पन्न करने वाले वाहनों के विरुद्ध विशेष चेकिंग अभियान संचालित किया जा रहा था। इस अभियान के दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन कर गाड़ियों में अवैध रूप से फटाका या तेज आवाज वाले मॉडिफाइड साइलेंसर लगाने वाले वाहन चालकों से 101 साइलेंसर और दुकानों/वाहनों में तेज आवाज में बजाए जा रहे 25 हैंड स्पीकर जब्त किए गए थे। कनाडिया थाना परिसर में इन सभी जब्त साइलेंसरों और स्पीकरों को कतार में बिछाकर रोड रोलर से पूरी तरह कुचलकर विनष्टीकरण किया गया। पुलिस अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि वाहनों में अवैध रूप से मॉडिफाइड या पटाखा साइलेंसर लगाना मोटर वाहन अधिनियम का सीधा उल्लंघन है और यह दंडनीय अपराध है।

# यह मेरा इलाका है, यहां नहीं आ सकते' कहकर गुंडे ने रोकी राह

### मना करने पर साथियों संग मिलकर युवक को पीटा, केस दर्ज

**इंदौर।** परदेशीपुरा थाना क्षेत्र स्थित सर्वहारा नगर में अपने दोस्त से मिलने पहुंचे एक युवक के साथ इलाके में दबंगई दिखाते हुए मारपीट करने का मामला सामने आया है। आरोपी ने खुद का इलाका बताते हुए फरियादी को वहां आने से रोका और विरोध करने पर अपने साथियों के साथ मिलकर जमकर पिटाई कर दी। मौके पर लोगों की भीड़ जुटती देख आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग निकला। पीड़ित की शिकायत पर परदेशीपुरा पुलिस ने आरोपी और उसके साथियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार, धीरज नगर खजराना निवासी फरियादी जागरत पिता राजकुमार सोनी ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। फरियादी ने बताया कि वह अपने दोस्त आर्यन कटारिया से मिलने के लिए सर्वहारा नगर गली नंबर 5 गया हुआ था तभी वहां आरोपी कीर्तन भाण्ड अपने अन्य साथियों के साथ पहुंचा और जागरत को रोककर कहने लगा कि तू यहां नहीं आ सकता, यह मेरा इलाका है। इसी बात को लेकर आरोपी कीर्तन भाण्ड गालियां देने लगा। जब फरियादी ने गाली देने से मना किया, तो आरोपी कीर्तन और उसके साथियों ने मिलकर उसके साथ हाथ-मुक्कों से मारपीट शुरू कर दी, जिससे पीड़ित के चेहरे और पीठ पर गंभीर चोटें आईं। मारपीट के दौरान आसपास के लोगों की भीड़ इकट्ठा होती देख आरोपी कीर्तन भाण्ड वहां से भाग निकला। भागते-भागते उसने धमकी दी कि आइंदा यहां दिखा तो तुझे जान से खत्म कर दूंगा।

# एमपीईबी अधिकारी बनकर बुजुर्ग से 98 हजार से अधिक की साइबर ठगी

**इंदौर** ।कनाड़िया थाना क्षेत्र में बिजली बिल अपडेट करने का झांसा देकर एक बुजुर्ग के साथ ऑनलाइन धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। शातिर साइबर ठग ने खुद को बिजली कंपनी का अधिकारी बताकर पीड़ित से फोन पे पर कोड डलवाया और उनके बैंक खाते से करीब 98 हजार 560 रुपये उड़ा लिए। ठगोरो ने इसके बाद दोबारा भी लिंक भेजकर रुपये ऐंठने की कोशिश की, जो असफल रही। पीड़ित की शिकायत पर कनाड़िया थाना पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार, कैलिफोर्निया सिटी कनाड़िया निवासी 61 वर्षीय फरियादी देवकरण पिता नंदराम मालवीय ने थाने पहुंचकर साइबर फ्रॉड की शिकायत दर्ज कराई है। फरियादी ने बताया कि 30 जुलाई को उनके मोबाइल फोन पर एक अज्ञात व्यक्ति का कॉल आया था। फोन करने वाले ने खुद को बिजली विभाग एमपीईबी क़ा अधिकारी बताया और कहा कि उनका बिजली बिल अपडेट नहीं है, जिसे तुरंत अपडेट करना होगा। आरोपी ने बिजली काटने का डर दिखाकर पीड़ित को झांसे में लिया और फोन पे ऐप पर एक कोड डालने को कहा। जैसे ही पीड़ित ने प्रक्रिया पूरी की, उनके इंडियन बैंक खाते से 98 हजार 560 रुपये कटकर ठग की यूपीआई आईडी पर ट्रांसफर हो गए। खाते से रकम कटने का मैसेज आते ही पीड़ित को ठगी का अहसास हुआ। इसके बाद ठगोरे ने एक फर्जी लिंक भेजकर दोबारा ट्रांजैक्शन कराने का प्रयास भी किया, लेकिन वह असफल रहा। कनाड़िया थाना पुलिस ने अज्ञात फोन धारक के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# अवैध संबंध और मायके से रुपए लाने का दबाव

### *पति की प्रताड़ना से तंग आकर महिला ने खाया जहर, बेटी की शिकायत पर केस दर्ज*

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट ।**

एमजी रोड थाना क्षेत्र में एक महिला द्वारा पति की शारीरिक व मानसिक प्रताड़ना से तंग आकर जहर खाकर आत्महत्या करने के मामले में पुलिस ने मृतका की बेटी की शिकायत पर केस दर्ज किया है। बेटी ने अपने पिता के खिलाफ गंभीर आरोप लगाए हैं। बेटी का आरोप है कि पिता के किसी अन्य महिला से अवैध संबंध थे और वे मायके से रुपये लाने के लिए मां के साथ मारपीट कर प्रताड़ित करते थे।

पुलिस के अनुसार, सुदामा नगर निवासी फरियादिया तनु पाठक ने एमजी रोड थाने में अपने पिता के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। फरियादिया ने बताया कि उनकी मां अमिता पुरोहित की बीती 18 जुलाई को इलाज के दौरान अस्पताल में मृत्यु हो गई थी। तनु ने पुलिस को बताया कि उनके पिता ललित पुरोहित निवासी सबनीसबाग के किसी अन्य महिला से अवैध संबंध हैं, जिसके चलते वे मां अमिता पुरोहित को लगातार प्रताड़ित करते रहते थे। आरोपी अपनी जरूरतों की पूर्ति के लिए लगातार मायके से रुपये लाने का दबाव बनाता था और मना करने पर मारपीट करता था। प्रताड़ना का आलम यह था कि पूर्व में भी फरियादिया के नाना कैलाश चंद्र टपरावत ने भारतीय स्टेट बैंक के चेक क्रमांक 838082 के माध्यम से 2018 को 2 लाख रुपये आरोपी ललित पुरोहित के बैंक खाते में ट्रांसफर किए थे। इसके बावजूद आरोपी की प्रताड़ना बंद नहीं हुई। इसी प्रताड़ना से तंग आकर मां अमिता पुरोहित ने विषैला पदार्थ गटक लिया, जिससे इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। एमजी रोड थाना पुलिस ने बेटी तनु पाठक के बयानों के आधार पर आरोपी ललित पुरोहित के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने की धाराओं में केस दर्ज कर वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

## 11 आदतन बदमाशों पर पुलिस का शिकंजा

# 3 कुख्यात गुंडे तड़ीपार, 8 को थाने में देनी होगी हाजिरी







**इंदौर।** शहर में आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने और शांति व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से पुलिस प्रशासन ने आदतन बदमाशों के खिलाफ सख्त रुख अपनाया है। पुलिस कमिश्नर प्रणाली के तहत शहर के विभिन्न थाना क्षेत्रों में सक्रिय 11 कुख्यात गुंडों के खिलाफ कड़ी प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई है। पुलिस कमिश्नर ने प्रस्तुत प्रतिवेदनों पर सुनवाई के बाद एक ही दिन में 3 शातिर बदमाशों को जिलाबदर करने के आदेश जारी किए हैं, जबकि 8 अन्य आदतन अपराधियों को संबंधित थानों में नियमित हाजिरी देने के लिए पाबंद किया गया है।

उल्लेखनीय है कि पुलिस कमिश्नर ने चारों जोन के डीसीपी को अपने-अपने क्षेत्रों में सक्रिय व पुराने अपराधियों को चिन्हित कर सख्त कार्रवाई के प्रस्ताव भेजने के निर्देश दिए थे। जिन बदमाशों पर यह कार्रवाई हुई है, वे लंबे समय से अपराध की दुनिया में सक्रिय हैं और उनके खिलाफ शहर के कई थानों में गंभीर मामले दर्ज हैं। पूर्व में हुई दंडात्मक कार्रवाई के बावजूद इनकी गतिविधियों में कोई सुधार नहीं आ रहा था। मध्य प्रदेश राज्य सुरक्षा अधिनियम के तहत पुलिस कमिश्नर ने गांधी नगर निवासी राजकुमार पिता योगेश खटीक को 6 माह, लसूड़िया क्षेत्र के राहुल गांधी नगर निवासी अजय उर्फ भोला पिता सुरेश पठोते को 3 माह और तिलक नगर क्षेत्र के रमाबाई नगर निवासी राहुल उर्फ दादिया पिता अशोक जाधव को 3 माह की अवधि के लिए जिला इंदौर तथा इससे लगे सीमावर्ती जिलों की राजस्व सीमाओं से निष्कासित करने के आदेश दिए हैं।

वहीं दूसरी ओर, 8 अन्य आदतन बदमाशों की आपराधिक प्रवृत्तियों पर लगाम कसने के लिए उन्हें कड़ी शर्तों के साथ नियमित थाना हाजिरी के आदेश से प्रतिबंधित किया गया है। इनमें परदेशीपुरा थाना क्षेत्र के शिवाजी नगर निवासी सूरज पिता कैलाश मेहरा, कोली मोहल्ला निवासी हमीद पिता बाबू खान, लाल गली निवासी वाजिद उर्फ गब्बू पिता युनुस खान और वसीम उर्फ बाला पिता हमीद खान शामिल हैं। इसके अलावा लसूड़िया थाना क्षेत्र से स्कीम-78 निवासी अरुण पिता राजेंद्र वालेकर, बापू गांधी नगर निवासी मुकेश पिता छोटेलाल कुशवाह और सिंगापुर ग्रीन व्यू कॉलोनी निवासी शुभम उर्फ बाबू पिता रामपलट भारद्वाज तथा एमआईजी थाना क्षेत्र के छोटी भमोरी निवासी दुर्गेश पिता कैलाश वर्मा के खिलाफ थाना हाजिरी का आदेश जारी किया गया है। इन सभी बदमाशों को निर्धारित समयावधि तक अपने संबंधित थानों में हाजिरी देना और आदेश में तय सभी प्रतिबंधात्मक शर्तों का अनिवार्य रूप से पालन करना होगा।

स्वामी मुद्रक प्रकाशक, महेश मूंगड़ द्वारा मूंगड़ पब्लिकेशन 242-43, जवाहर मार्ग, राजमोहल्ला चौराहा, इन्दौर (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित ।
सम्पादकः- महेश मूंगड़ 98273-69587, सभी विवादों का न्याय क्षेत्र इन्दौर रहेगा ।